संख्या : एच.एस.सी.एल/एजीएम/46/2010

## सूचना

सेवा में,

**सभी सदस्यगण**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि हिन्दुस्तान स्टीलवर्क्स कंस्ट्रक्शन लिमिटेड की 46वीं साधारण वार्षिक आम बैठक गुरुवार, दिनांक 23 सितम्बर, 2010 को 11.00 बजे कम्पनी के कारपोरेट कार्यालय 5/1, कमीसेरियट रोड, हेस्टिंग्स, कोलकाता 700022 में निम्नलिखित कार्यसम्पादन के लिए होगी :

1. 31 मार्च, 2010 को समाप्त हुए वर्ष के लिए निदेशक मंडल के प्रतिवेदन को प्राप्त करना, उस पर विचार करना एवं उन्हें अभिस्वीकृत करना।
2. 31 मार्च, 2010 को समाप्त हुए वर्ष के लिए परीक्षित लेखाओं, तुलन पत्र और लाभ व हानि व्योरा तथा उन पर लेखापरीक्षकों के प्रतिवेदन को प्राप्त करना, उन पर विचार करना एवं उन्हें अभिस्वीकृति प्रदान करना।

**विशेष कार्य :**

1. एक साधारण संकल्प के रूप में निम्नलिखित संकल्प पर विचार करना और समोचित संशोधन या संशोधन के बिना पारित करना :

   "पारित किया गया है कि श्री एस.बी. मिश्रा, जो क्रमवार से सेवानिवृत्त हुए और फिर से नियुक्ति के पात्र है को फिर से कम्पनी के अंशकालिक अधिकरीक निदेशक के रूप में नियुक्त किए जाते हैं तथा उनके कार्यालय की अवधि का निर्धारण निदेशकों की क्रमवार सेवानिवृत्ति के हिसाब से होगा"।

2. एक साधारण संकल्प के रूप में निम्नलिखित संकल्प पर विचार करना और अगर अनुरुप सोचे तो संशोधन या संशोधन के बिना पारित करने के लिए :

   "पारित किया गया है कि धारा 224 (8) (एए) की धारा 619 के साथ पठित के अनुसार और अन्य सभी प्रावधान, यदि कोई है तो कम्पनी अधिनियम, 1956 की (कम्पनियों के रूप में कम्पनियों द्वारा संशोधित (संशोधन) कानून 2000), वित्तीय वर्ष 2010-2011 के लिए भारत के महालेखा परीक्षक द्वारा नियुक्त किये हुए कम्पनी के सांविधिक लेखा परीक्षकों के लिए लेखा परीक्षण कार्य की पारिश्रमिक और जेब खर्च के बाहर के अन्य प्रतिपूर्ति और नियम और शर्तें तय करने के लिए कम्पनी के निदेशक मंडल को मान्यताप्राप्त है"।

निदेशक मंडल के आदेश से

**कृते हिन्दुस्तान स्टीलवर्क्स कन्स्ट्रक्शन लिमिटेड**

ह./- **विनीता बच्छावत**

**कम्पनी सचिव**

दिनांकः- 3 सितम्बर 2010

स्थानः- कोलकाता

**नोट**

1. कोई भी सदस्य, जिसे बैठक में भाग लेने और मत देने का अधिकार प्राप्त है, अपने बदले प्रतिनिधि को बैठक में भाग लेने और मत देने के लिए भेज सकता है और प्रतिनिधि के लिए आवश्यक नहीं कि वह कम्पनी का सदस्य हो।
2. कम्पनी अधिनियम की व्यवस्था के अनुसार, अल्पकालीन सूचना देने एवं बैठक की तारीख से न्यूनतम 21 दिनों पहले तुलन पत्र और उससे संबंधित कागजात, लाभ व हानी लेखा, निदेशकों/लेखा-परीक्षकों का प्रतिवेदन आदि वितरित करने की सम्मति अंशधारियों से ले ली गई है।

# कम्पनी अधिनियम, 1956 धारा 173(2) के तहत व्याख्यात्मक बयान

**विषय सं. 1**

कम्पनी संघ के लेख के अनुच्छेद 66 का उल्लेख है कि अन्य सभी व्यापार लेन देन में प्राप्त करने के लिए और लाभ और हानि खाता, तुलन पत्र और निदेशकों और लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पर विचार, और लाभांश घोषित करने के अलावा आम बैठक में यदि कोई हो तो वह विशेष कार्य के रूप में होगा।

अनुच्छेद 96(च) और कम्पनी धारा 255 और 256 के संबंधित प्रावधानों और कम्पनी अधिनियम 1956, के तहत कम्पनी के एक तिहाइ अंशकालिक अधिकरीक निदेशक क्रमवार से सेवानिवृत्त करने के भागी हैं। इस तरह के निदेशक पुनर्नियुक्ति के पात्र हो जाएगें। श्री एस.बी. मिश्रा जो अकेले अंशकालिक कम्पनी के निदेशक हैं और क्रमवार से अवकाश ग्रहण करने वाले हैं को पुनः अंशकालिक अधिकरीक निदेशक के रूप में नियुक्त किया जाएगा। श्री एस.बी. मिश्रा, को छोड़कर कोई भी निदेशक प्रस्ताव में रुचि नहीं रखते हैं। सुचना में सदस्यों के अनुमोदन के लिए प्रस्तावित घोषणा अनुसंशित है।

**विषय सं. 2**

कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 619 के अनुसार, एच.एस.सी.एल. के सांविधिक लेखा परीक्षकों को, एक सरकारी कम्पनी होने के नाते, और भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सी एंड एजी) द्वारा नियुक्त किए गये है। कम्पनी अधिनियम, 1956 की उपधारा 8 (एए) धारा 224 के अनुसार एक नियुक्त लेखा परीक्षक के पारिश्रमिक कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 619 के अनुसार कम्पनी के आम बैठक में तय किया जाएगा या इस तरह जैसा कम्पनी के आम बैठक में निर्धारित करते हैं।

वितीय वर्ष 2010-2011 के लिए कम्पनी के सांविधिक लेखा परीक्षकों के रूप में मैसर्स एस.एन. मुखर्जी एंड कं, चार्टर्ड एकाउंटेंट और मैसर्स एस.के. भट्टाचार्य एंड कं, चार्टर्ड एकाउंटेंट्स सी एंड एजी द्वारा नियुक्त किए गये है। वित्तीय वर्ष 2010-2011 के लिए कम्पनी के सांविधिक लेखा परीक्षकों के लिए पारिश्रमिक और जेब खर्च के बाहर के अन्य प्रतिपूर्ति को तय करने के लिए आवश्यक संकल्प सदस्यों के सामने निदेशक मंडल को अधिकृत करने के लिए रखा गया है। निदेशकों में से कोई भी प्रस्ताव में रुचि नहीं रखते हैं। सुचना में सदस्यों के अनुमोदन के लिए प्रस्तावित घोषणा अनुसंशित है।

निदेशक मंडल के आदेश से
**कृते हिन्दुस्तान स्टीलवर्क्स कन्स्ट्रक्शन लिमिटेड**

ह./- **विनीता बच्छावत**
**कम्पनी सचिव**

दिनांक:- 3 सितम्बर 2010
स्थान:- कोलकाता

## दस वर्ष - एक झलक

(₹ करोड़ में)

| विवरण | 2000-01 | 2001-02 | 2002-03 | 2003-04 | 2004-05 | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्राधिकृत पूंजी | 150.00 | 150.00 | 150.00 | 150.00 | 150.00 | 150.00 | 150.00 | 150.00 | 150.00 | 150.00 |
| चुकता पूंजी | 117.10 | 117.10 | 117.10 | 117.10 | 117.10 | 117.10 | 117.10 | 117.10 | 117.10 | 117.10 |
| ऋण | | | | | | | | | | |
| - भारत सरकार से | 276.76 | 370.20 | 435.31 | 439.31 | 514.20 | 518.20 | 546.64 | 546.64 | 546.64 | 549.64 |
| - बैंक से वी.आर.एस. के लिए | 252.32 | 318.36 | 518.36 | 518.36 | 518.36 | 518.36 | 218.36 | 518.36 | 518.36 | 518.36 |
| परिचालन से आय | 247.57 | 250.37 | 266.46 | 295.60 | 313.94 | 341.21 | 423.83 | 513.55 | 706.41 | 785.17 |
| अन्य आय | 9.59 | 5.84 | 10.49 | 11.35 | 8.37 | 8.59 | 9.50 | 12.63 | 14.85 | 15.18 |
| **कुल आय** | 257.16 | 256.21 | 276.95 | 306.95 | 322.31 | 349.80 | 433.33 | 526.18 | 721.26 | 800.35 |
| परिचालन लाभ | -79.76 | -32.57 | 3.90 | 18.40 | 28.68 | 30.96 | 30.17 | 40.21 | 64.63 | 69.09 |
| ब्याज | 6.42 | 11.31 | 22.59 | 36.74 | 51.13 | 69.82 | 82.91 | 30.68 | 65.21 | 100.65 |
| वी.आर.एस पर व्यय | 83.06 | 95.35 | 114.88 | 67.61 | 69.50 | 35.62 | 26.30 | 7.59 | 3.35 | 1.66 |
| शुद्ध लाभ/हानि | -172.55 | -142.08 | -136.35 | -88.50 | -94.21 | -85.97 | -83.50 | -26.72 | -6.88 | -54.59 |
| शुद्ध मूल्य | -730.10 | -864.47 | -1035.20 | -1070.24 | -1108.84 | -1164.49 | -1226.87 | -1248.86 | -1252.88 | -1305.81 |
| कर्मचारियों की संख्या | 7302 | 5897 | 2771 | 2394 | 1924 | 1843 | 1612 | 1480 | 1248 | 1007 |
| आर्डर बुकिंग | 201.00 | 233.00 | 305.00 | 513.00 | 521.00 | 430.00 | 781.00 | 940.00 | 871.00 | 1036.00 |

# निष्पादन विवरण

## कुल आय




## आर्डर बुकिंग




## आय प्रति कर्मचारी




## परिचालन लाभ



# निदेशक मंडल

श्री मलय चटर्जी

डॉ. दलीप सिहं, भा.प्र.से

श्री अभिजित घोष

श्री एस.बी मिश्रा

श्री जे.पी. शुक्ला

# निगमित सूचना

## हिन्दुस्तान स्टीलवर्क्स कन्स्ट्रशन लिमिटेड

(भारत सरकार का एक उद्यम)

**पंजीकृत कार्यालय**

पी-34 ए गरियाहाट रोड (साउथ) कोलकाता – 700031

**प्रधान कार्यालय**

5/1, कमिसेरियट रोड, हेस्टिंग्स, कोलकाता – 700022

**निदेशक मंडल**

**अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक**

श्री मलय चटर्जी (01.09.2010 से)

**निदेशक (वित्त)**

श्री अभिजित घोष

**निदेशकगण**

डा. दलीप सिहं, भा.प्र.से

श्री जे.पी. शुक्ला (30.4.2009 से)

श्री एस.बी. मिश्रा (27.10.2009 से)

श्री पार्थसारथी के. (30.4.2009 तक)

श्रीमती इंद्रानी कौशल (29.4.2009 तक)

श्री व्ही. के. श्रीवास्तव (27.10.2009 तक)

श्री आर. रामाराजू (31.03.2010 तक)

**कम्पनी सचिव**

विनीता बच्छावत (16.3.2010 से)

**लेखा परीक्षक**

मेसर्स एस.एन. मुखर्जी एण्ड क०
चार्टर्ड लेखापाल
1 बी ओल्ड पोस्ट ऑफिस स्ट्रीट, कोलकाता – 700001

मेसर्स एस.के. भट्टाचार्या एण्ड क०
चार्टर्ड लेखापाल
एई - 23, सेक्टर – I,
2 रा तल
साल्ट लेक सीटी
कोलकाता – 700064

**मुख्य बैंकर्स**

स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, विजया बैंक, एक्सीस बैंक, इण्डियन बैंक
एच.डी.एफ.सी. बैंक, बैंक ऑफ बड़ोदा, देना बैंक, कॉर्पोरेशन बैंक

# अध्यक्ष का भाषण

प्रिय अंशधारियों,

वर्षों से अपने उत्कृष्ट कार्य निष्पादन द्वारा एच.एस.सी.एल. ने भारत में इस्पात और संरचनात्मक विकास में अपने लिए एक विशिष्ट स्थान बनाया है। अब तक की हमारी यात्रा चुनौतियों से भरी रही जिसपर हमने अपनी विशिष्टता और दृढ़ इच्छा शक्ति द्वारा काबू पा लिया है। आगे हमारे रास्ते में बड़ी से बड़ी चुनौतियां आने वाली हैं जो उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता में हमारी दक्षता की परीक्षा होगी। मुझे यह सूचित करते हुए अपार हर्ष हो रहा है कि वर्ष 2009-10 एच.एस.सी.एल. के लिए एक और सफलतापूर्ण वर्ष रहा। कम्पनी ने अपने टर्नओवर में प्रगतिशीलता प्रदर्शित की है। इसने रु. 800.35 करोड़ टर्नओवर की कीर्तिमान दर्ज की है जो 2008-09 की तुलना में 11% या रु.79.09 करोड़ की वृद्धि है।

वर्ष 2009-10 के दौरान देश का समग्र औद्योगिक परिदृश्य उत्साहवर्द्धक रहा। ग्यारहवीं योजना के अन्तर्गत सरकारी अनुमोदन से 47,000 कि.मी. होने वाले राजपथ निर्माण से संरचनात्मक क्षेत्र में 12% तक की विकास सुनिश्चित है। सरकारी क्षेत्र में इस्पात संयंत्रों के साथ ही साथ विविध संरचनात्मक क्षेत्रों की क्षमता सम्बर्द्धन कार्यक्रम के तहत नई परियोजनाओं से हमारी आय में उल्लेखनीय अनुपात में वृद्धि हुई है। एच.एस.सी.एल. ने इस्पात, ऊर्जा, रेलवे, आपदा प्रबंधन और संरचनात्मक विकास जैसे सभी क्षेत्रों में परियोजनाएं प्रारम्भ की है और राष्ट्रीय विकास में व्यापक और महत्वपूर्ण सहयोगिता की। इन क्षेत्रों में हाल की रुझान ने हमें अपने देश के लिए नए एवं बेहतर संरचना निर्माण में अपनी सक्षमता को बढ़ाने में मदद की है।

एच.एस.सी.एल. अति उत्साह और दृढ़ता के साथ आगे बढ़ रही है क्योंकि व्यवसायिक सुअवसरों को बढ़ाने के लिए हमने अपने मानवशक्ति का व्यवसाय की मांग के अनुरूप तैयार कर लिया है। कम्पनी आधुनिक तकनीकी और ज्ञान से युक्त और अधिक ऐसे युवा पीढ़ी की तलाश में है जो रोज की चुनौतियों का सामना करने और संकट की घड़ी में कम्पनी को उबारने में सक्षम हो। कोसी आपदा प्रबंधन परियोजना से संबंधित कुसहा (नेपाल) में बांध का बहाव और दरार को बंद करने का निर्माण कार्य में कम्पनी को "उत्कृष्टता का प्रमाणपत्र" मिला है। यह अपने आप में एक अत्यधिक महत्वपूर्ण परियोजना थी क्योंकि वर्ष 2008 के दौरान कोसी नदी के तट पर स्थित सुपौल, मधेपुरा और सहरसा का विशाल क्षेत्र जलमग्न हो जाने से उस क्षेत्र के 30 लाख स्थानीय निवासी असहाय हो गये थे। भारत की संरचनात्मक निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण योगदान के लिए कम्पनी को इस्सार इस्पात ने ई 18 और सी एन बी सी टी व्ही 18 के साथ संयुक्त रूप से "सम्मान प्रमाणपत्र" प्रदान किया है।

सभी अंशधारियों की उन्नति और समृद्धि को दीर्घावधि आधार पर कायम रखने के लिए कम्पनी सर्वोच्च नैतिक मानकों के साथ व्यवसाय संचालन के लिए प्रतिबद्ध है। संस्थान के सभी स्तरों पर विवेकपूर्ण वित्तीय प्रबंधन और युक्तिसंगत व्यवसाय निर्णयों द्वारा कम्पनी अपनी सभी लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए सच्चे दिल से प्रयास कर रही है।

कम्पनी के बोर्ड में एक स्वतंत्र निदेशक के रूप में मैं श्री एस.बी. मिश्रा का स्वागत करता हूँ। मुझे विश्वास है वे अधिकारी वर्ग के सर्वोच्च पद पर पिछले लम्बे समय तक रह कर जो विपुल अनुभव और दक्षता अर्जित की है उससे वे वोर्ड को मजबूती प्रदान करेंगे तथा भविष्य में बड़ी से बड़ी उपलब्धियों के लिए कम्पनी को परिचालित करेंगें।

आने वाले दिनों में सरकार और सरकारी संस्थानों सहित इस्पात और संरचनात्मक क्षेत्रों में होने वाले बड़े पैमाने पर निवेशों की मैं उम्मीद करता हूँ। कम्पनी के लिए नए सुअवसर उत्पन्न करने के अलावा ये निवेश कम्पनी को निर्माण उद्योग की पराकाष्ठा पर बने रहने में मदद करेगी।

कम्पनी हमेंशा निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के क्रिया कलापों में सक्रिय रूप से सहभागिता करती रही है और आगे इसी प्रकार के और अधिक कार्यों द्वारा समाज के आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों को शिक्षा और आधारभूत संरचनात्मक सुविधा प्रदान कर उनके चेहरे पर मुस्कान लाने की योजनाएं बनाई हैं।

निगमित नियमन मार्गदर्शनों का संभावित बेहतरीन तरीके से अनुपालन किया गया है और स्वतंत्र निदेशकों के अधिष्ठापन के साथ कम्पनी इसे समग्र रूप में क्रियान्वित करने की योजना बना रही है।

इस अवधि के दौरान सभी स्तरों पर अपनी महत्व और मान्यता का एहसास दिलाते हुए कम्पनी विभिन्न ग्राहकों के पास विशेषकर संरचनात्मक क्षेत्रों में पहुँच चुकी है। अपनी तमाम गौरवपूर्ण अतित का स्मरण दिलाते हुए सिविल और मेकानिकल इंजीनियरिगं क्षेत्रों में अपनी दक्षता के साथ कम्पनी अति अल्प समय में एक आकर्षक और शक्तिशाली कम्पनी बन कर उभरी है।

मैं बोर्ड में अपने सदस्य निदेशकों के प्रति उनके अथक और समर्पित सहयोग के लिए आभारी हूँ। मैं एच.एस.सी.एल. के प्रत्येक अंशधारियों को विशेष धन्यवाद ज्ञापन करना चाहूँगा जिनकी आस्था और विश्वास ने हमें अपनी सभी प्रयासों में प्रेरित करती रहीं हैं। मैं अपने सभी ग्राहकों, व्यवसाय सहयोगियों और कर्मचारियों को उनकी अत्यधिक निष्ठा के लिए धन्यवाद देता हूँ। डा. दलीप सिहं, संयुक्त सचिव, इस्पात मंत्रालय को उनके उत्साहवर्द्धक सहयोग और समय-समय पर उनके विवेकपूर्ण सलाह के लिए विशेष शब्दों में धन्यवाद ज्ञापन किया जाता है क्योंकि उनकी सलाह और प्रोत्साहन के वगैर हम अपनी लक्ष्य की प्राप्ति में सफल नहीं हो पाते। सबसे बढ़कर मैं भारत सरकार, विशेषकर इस्पात मंत्रालय को कम्पनी के मार्गदर्शन में प्रशासनिक सहयोग और दूरदर्शिता प्रदान करने के लिए धन्यवाद देता हूँ।

मैं वादा करता हूँ हम अपनी सभी प्रयासों में सम्पूर्णता हासिल करने के लिए कोई भी कसर बाकी नहीं छोडेंगें एवं ऐसा प्रयास करेंगे जिससे कि यह एक अग्रणी केन्द्रीय सरकारी संस्थान के रूप में बन कर उभरे एवं इस्पात और संरचनात्मक क्षेत्रों में कम्पनी का नाम प्रतिष्ठा से ली जाए।

सधन्यवाद

मलय चटर्जी
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक

# निदेशकों का प्रतिवेदन

प्रिय,
अंशधारीगण,
हिन्दुस्तान स्टीलवर्क्स कन्सट्रक्शन लिमिटेड

सज्जनों,

आपके निदेशकों को 31 मार्च 2010 को समाप्त हुए वर्ष के लिए कम्पनी का 46 वां वार्षिक प्रतिवेदन, जाँच किए गए हिसाब किताब का विवरण तथा लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन और उसके साथ–साथ भारतीय लेखा परीक्षा एवं लेखा विभाग की समीक्षा एवं भारत के नियंत्रक व महालेखा परीक्षक की टिप्पणियां प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता हो रही है।

**1. वित्तीय समीक्षा –**

पिछले तीन वर्षों में कम्पनी की वित्तीय स्थिति इस प्रकार रही :-

₹ करोड़ में

| | | 2009-10 | 2008-09 | 2007-08 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | व्यापारावर्त | 800.35 | 721.26 | 526.18 |
| 2 | श्रमशक्ति लागत | 18.26 | 17.29 | 19.90 |
| 3 | प्रशासनिक व्यय | 15.62 | 17.64 | 10.85 |
| 4 | परिचालन लाभ | 69.09 | 64.63 | 40.21 |
| 5 | सेवानिवृत्ति लाभ | 18.60 | 0.39 | 2.55 |
| 6 | ह्रास मूल्य | 2.80 | 2.77 | 2.44 |
| 7 | सरकारी ऋण पर ब्याज | 98.34 | 63.54 | 29.63 |
| 8 | अन्य ब्याज और वित्तीय प्रभार | 2.31 | 1.67 | 1.05 |
| 9 | आस्थगित राजस्व व्यय | 1.66 | 2.96 | 5.04 |
| 10 | असामान्य व्यय | - | - | # 23.90 |
| 11 | अन्य मद.... | - | - | 2.19 |
| 12 | आस्थगित कर एवं एफ.वी.टी. | -(-)0.03 | 0.18 | 0.13 |
| 13 | शुद्ध हानि | **(54.59)** | **(6.88)** | **(26.72)** |

\# लीबिया परियोजना पर हानि

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान उल्लेखनीय रूप में कम्पनी की वित्तीय स्थिति में चौतरफा सुधार हुआ है। कम्पनी का व्यापारावर्त प्रगति के रुख को दर्शाती है। वर्ष 2008-09 की तुलना में वर्ष 2009-10 में यह 11% प्रतिशत या ₹ 79.09 करोड़ तक बढ़ी। वर्ष के दौरान 2008-09 में शुद्ध हानी ₹6.88 से बढ़ कर ₹ 54.59 करोड़ हुइ है, जो सरकारी ऋण पर ब्याज में वृद्धि के लिए ₹ 189.93 करोड़ के गैर योजना पर ब्याज, प्रोद्भवन पर स्थगन की

समाप्ति के कारण ऋण और उपदान की दिशा में अतिरिक्त प्रावधान करने के कारण हुई है। कम्पनी की जनशक्ति लागत थोड़ा बढ़ कर ₹ 18.26 करोड़ हुई है जो प्रतिबन्धित महंगाई भत्ता को चालू करने के कारण हुई है ।

कम्पनी के नकद में भी 31 मार्च 2010 तक सुधार हुआ है । कम्पनी की कार्यशील पूंजी बढ़ी है जो सकारात्मक संतुलन को दर्शाती है।

भारत सरकार द्वारा वर्ष 1999 में स्वीकृत पुनर्सरचना-सह-वित्तीय पैकेज के अनुसरन में स्वैच्छिक सेवा निवृति योजना के खर्च को चुकाने के लिए कम्पनी ने विभिन्न बैंको से ₹ 518.36 करोड़ का ऋण प्राप्त किया जिसके ब्याज पर भारत सरकार द्वारा पूर्ण परिदान स्वीकृत है। स्वैच्छिक सेवानिवृति के तहत 31 मार्च 2010 तक कुल 11,485 कर्मचारी कम्पनी की सेवा से अलग हुए ।

**2. आर्डर प्राप्ति**

उच्च मूल्य और अखिल भारतीय परियोजनाएं आपकी कम्पनी की कार्यक्षमता के प्रति विभिन्न ग्राहकों के विश्वास को दर्साती है । कम्पनी ने ₹ 1036 करोड़ की आर्डर प्राप्त की है जिसमें ₹ 117 करोड़ मूल्य के आर्डर इस्पात क्षेत्रों से है तथा ₹ 919 करोड़ मूल्य के आर्डर बुनियादी संरचना क्षेत्रों से हैं ।

**महत्वपूर्ण आर्डरों में निम्नलिखित शामिल है –**

1. सेल, भिलाई एवं बोकारो में परियोजना कार्य ₹ 23 करोड़ ।
2. ₹ 89.00 करोड़ की लागत का सेल, बोकारो, भिलाई एवं आराआईएनएल भैजाग में प्रचालन एवं रख-रखाव कार्य।
3. ₹ 3.00 करोड़ की लागत से एनएसपीसीएल के तहत राउरकेला में राखड़ बांध का स्थापना कार्य।
4. बागमती नदी के बाढ़ संरक्षण का कार्य, इस परियोजना की अनुमानित लागत ₹ 798 करोड़ है जिसमें मार्च 2010 तक ₹ 217.00 करोड़ का आर्डर प्राप्त हुआ।
5. हजारीबाग से बरकाखाना के बीच छोटे पुलों और तटबंधों का निर्माण और कोडरमा, रांची - गोमोह एवं बरकाखाना के मध्य बड़ी लाइन का कार्य। पूर्व मध्य रेलवे के तहत ₹ 91 करोड़ के 6 कार्य कम्पनी के पास है।
6. कर्नाटक, हुबली में ₹ 8 करोड़ की लागत से कर्मचारी भविष्य निधी कार्यालय भवन का निर्माण कार्य
7. प्राधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत ₹ 245.00 करोड़ की लागत से झारखंड में 439 कि.मी. ग्रामीण सड़क का निर्माण कार्य।
8. प्राधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना चरण VII के तहत ₹ 41.00 करोड़ की लागत से त्रिपुरा में ग्रामीण सड़क का निर्माण कार्य।
9. त्रिपुरा में स्वास्थ्य मंत्रालय के अंतर्गत 3 जिला अस्पतालो के लिए प्रत्येक में 126 निवास स्थान ₹ 45.00 करोड़ के मूल्य का।
10. बिहार सरकार के जल संसाधन विभाग के तहत भुटाइ बालन की दाईं और बाईं तटबंधों को ऊपर उठाने और मजबुत करने के ₹ 32 करोड़ मूल्य के 2 कार्य।
11. फुलकुमारी, उदयपुर, दक्षिण त्रिपुरा में ₹ 15 करोड़ के लागत का पॉलीटेक्निक का निर्माण कार्य।

12. राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तहत ₹ 100 करोड़ के लागत का पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना के तटीय क्षेत्रों में 90 स्थानों पर आपदा आश्रय का निर्माण कार्य। मूल्य में लगभग ₹ 380 करोड़ वृद्धि की संभावना है, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट एनडीएमए के स्वीकृति के लिए विचाराधिन है।
13. सेन्ट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ हाइयर तिब्बतन स्टडिज, सारनाथ में ₹5 करोड़ के लागत से बुनियादी ढांचा विकास कार्य
14. विभीन्न राज्यों में नवोदय विद्यालय एवं केन्द्रीय विद्यालयों का निर्माण एवं मरम्मत के अलावा वर्तमान स्कूलों में अनुषंगिक कार्य जिसका मूल्य ₹176.00 करोड़ है।

निकट भविष्य में कम्पनी 'सेल' के भिलाई स्टील प्लांट के क्षमता सम्बर्द्धन कार्यक्रम तथा बिहार सरकार के जल संसाधन विभाग, रेलवे तथा श्रम मंत्रालय से प्रमुख चिकित्सा महाविद्यालय, अस्पताल एवं राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की परियोजना के तहत पूरे भारत में बुनियादी संरचना क्षेत्रों में और अधिक आर्डर प्राप्त करने की अपेक्षा रखती है।

वर्ष 2009-10 के दौरान प्राप्त आर्डरों का क्षेत्रवार विवरण इस प्रकार है :-

₹ करोड़ में

| | |
|---|---|
| इस्पात के क्षेत्र में | 117.00 |
| रेलवे का आधुनिकीकरण | 135.00 |
| केन्द्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय एवं अन्य परिसर | 282.00 |
| बांध एवं सिंचाई | 108.00 |
| रोड | 294.00 |
| **आपदा प्रबंधन परियोजना** | 100.00 |
| **योग –** | **919.00** |

कुल प्राप्त आर्डर (117.00 + 919.00) = 1036.00 करोड़

**3. परियोजनाओं का साधारण पर्यावलोकन**

आपकी कम्पनी पूरे भारत में विभिन्न क्षेत्रों जैसे इस्पात, पावर, रेलवे, आपदा प्रबंधन और बुनियादी संरचाओं की परियोजनाएं आरम्भ कर पुरे देश में अपनी एक खास स्थापित की है।

**(क) इस्पात संयंत्र कार्य –**

इस्पात मंत्रालय के अधिन हिन्दुस्तान स्टीलवर्क्स कन्स्ट्रक्शन लि० (एच.एस.सी.एल.) की स्थापना 1964 में एक निर्माण संस्था के रूप में हुइ जो देशी साधनो के बल पर इस्पात संयंत्रों का निर्माण कर सके। यह उभरती हुई संस्था इस चुनौती पर खड़ी उतरी और काबील मानव संसाधन और उपयोगी निर्माण उपकरण के बल पर सफलता हासील की। तब से लेकर अब तक निर्माण के क्षेत्र में पिछे मुड़ कर नहीं देखा। बाद के वर्षों में भारत के लगभग प्रत्येक बड़े बड़े सरकारी इस्पात संयंत्रों का निर्माण एच.एस.सी.एल. द्वारा किया गया।

कम्पनी की कार्य क्षमता क्षेत्र भूमी विकास से लेकर प्लांट चालू करने तक विस्तृत है। नब्बे दशक के अंत और वर्तमान दशक के आरम्भ में इस्पात उद्योग में मंदी का दौर रहा। ग्यारवीं योजना के दौरान सेल और आर आइ एन एल के क्षमता सम्बर्द्धन कार्यक्रम के तहत लगभग ₹52,000 करोड़ के नये निवेश की संभावना है। हालांकि हालात इतने अनुकूल नहीं है, कम्पनी कठिन प्रयास कर रहा है अपने इस्पात संयंत्रों में व्यापार की मात्रा में वृद्धि करने के लिए।

कम्पनी ने अपनी स्थापना से लेकर 31.3.2010 तक इस्पात संयंत्रों में करीब ₹5607 करोड़ मूल्य का कार्य निष्पादन किया है।

कम्पनी ने वर्ष 2009-10 के दौरान इस्पात क्षेत्र में करीब ₹235 करोड़ का व्यापारावर्त प्राप्त किया है।

- **बोकारो इस्पात संयंत्र**

कम्पनी ने 1964 में बोकारो स्टील प्लांट के प्रथम अथार्त 1.7 एम.टी. से कार्य आरम्भ किया। आगे चलकर 2.5 एम.टी. और 4 एम.टी. क्षमता का कार्य कम्पनी ने अपने हाथों में लिया एवं उन्हें सफलतापूर्वक अंजाम दिया। बोकारो इस्पात संयंत्र के निर्माण में कोक ओवन बैटरी, वाई प्रोडक्ट प्लान्ट, रॉ मटेरीयल प्लान्ट, ब्लास्ट फर्नेस, स्टील मेल्टींग शाप, हॉट रॉलिंग मिल, कोल्ड रॉलिंग मिल तथा स्टील और कंक्रीट चिमनी सहित अन्य पूरक सुविधाओं के लिए मृदा परीक्षण से लेकर चालू करने तक एच.एस.सी.एल. की हिस्सेदारी सम्पूर्ण एवं विस्तृत थी। यह एक गौरव की बात है कि यह संयंत्र आज अपनी पूरी क्षमता और ग्राहकों की पूर्ण संतुष्टि के साथ चालू स्थिति में है। परियोजना कार्य में कमी आने के फलस्वरूप इकाई में अपने संस्थापन के सहायतार्थ एच.एस.सी.एल. बोकारो स्टील प्लांट के परिचालन एवं चिरस्थायी कार्यों को अपने हाथों लेना शुरू किया । इस्पात संयंत्रों की जरुरतों के मद्दे नजर एच.एस.सी.एल. स्थायी तौर पर बोकारो में आधुनिक निर्माण उपस्करों का रख रखाव कर रही है।

वर्ष 2009-10 के दौरान बोकारो में कम्पनी के निम्नलिखित कार्यकलाप रहे :

- ऐश पोण्ड से ऐश निकाल कर उसकी ढुलाई करना
- कीचड़ उप खण्ड से कीचड़ की निकासी एवं स्लैग
- बी.पी.सी.एल के तहत ब्वॉइलर न. 9 का सिविल एवं स्ट्रकचरल कार्य
- साज समानों का संचालन
- एलडी स्लेग की प्रोसेसिंग
- बी.एफ. स्लैग के लिए स्लैग डम्प-2 पर अतिरिक्त साईडींग
- द्वितीय लैड्ल फर्नस एस.एम.एस.- II
- एस.एम.एस. III के लिए चारदिवारी
- टाउन सर्विसेज एवं अन्य फुटकर कार्य

- **भिलाई इस्पात संयंत्र**

भिलाई इस्पात संयंत्र के 4 एम.टी. विस्तार कार्य में एच.एस.सी.एल. का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मुख्य इकाइयां जो कम्पनी द्वारा निर्माण कर चालू की गई है वे इस प्रकार हैं प्लेट मिल I और II, कन्वर्टर शॉप, कनकास्ट, घमन भट्टी न. 7, कोक ओवन बैटरी नं 9, रॉ मेटेरियल प्लांट – II, वेनजॉल परिसोधन प्लांट सहायक शॉप, संयंत्र के अन्दर रेलवे कार्य, वायर रॉड मिल, टाउंशिप इत्यादी।
भिलाई इस्पात संयंत्र के क्षमता सम्बर्द्धन कार्यक्रम के तहत एच.एस.सी.एल. ने अनेक पैकेजों का कार्य पूरा किया है। परियोजना पैकेज के अलावा, कम्पनी प्लांट के परिचालन और रखरखाव का कार्य नियमित रूप से कर रही है। इकाई में एच.एस.सी.एल. के निर्माण उपकरणों का बेड़ा काफी सुसज्जित एवं प्रर्याप्त है जो परियोजना के परिचालन और किसी भी प्रकार की आकस्मिक कार्यों को अविलम्ब करने में पूर्ण सक्षम है। भिलाई इस्पात संयंत्र के क्षमता विस्तार कार्यक्रम के तहत एच एस सी एल ने अपने कदम पहले ही बड़ा दिये हैं जिससे निकट भविष्य में कुछ उच्च मूल्य के सीविल और स्ट्रक्चर्रल कार्य का आर्डर प्राप्त हो सके। ₹98 करोड़ मूल्य के दो परियोजाना में एच.एस.सी.एल. एल्वन है और जिसके मिलने की प्रतीक्षा की जा रही है।

**कम्पनी ने वर्ष 2009-10 के दौरान भिलाई इस्पात संयंत्र में निम्नलिखित कार्यों को अंजाम दिया है।**

- पैकेज 117 के तहत 7 एम. टी में शामिल प्रशासनिक ब्लाकों का विस्तार कार्य
- संयंत्र पुर्जा स्टोर का पुनर्वास
- एमआरएस एवं क्वेन्चिग कार रिपेयर शॉप का पुनर्वास, मूल्य ₹4 करोड़
- पैकेज 118 (ई एंव एफ) का विस्तार कार्य
- सड़क और पुलिया पैकेज 100-2 का सिविल कार्य, मूल्य ₹12 करोड़
- 700 टी डी पी – ए एस यु (ओ पी - II) की स्थापना के लिए सिविल एवं स्ट्रक्चरल कार्य
- कोक ओवन बैटरी नम्बर 4 की शीत मरम्मत
- कोक ओवन बैटरी सी ओ बी 1 से सी ओ बी 10 का रख रखाव कार्य
- सी ओ बी 1 से सी ओ बी 10 तक क्षय हुए बी एफ गैस पाइप को बदलना
- पैकेज 118 (बी) के तहत 7 एम.टी. का निराकरण और पुनर्वास कार्य
- 1400 व्यास की पाइप लाइन को प्लेट मिल गैस बुस्टर स्टेशन तक एवं 3000 व्यास वाली पाइप लाईन बी.एफ. गैस हेडर को बदलने का कार्य।
- मरोदा जलाशय से गाद का परिवहन, मूल्य ₹2 करोड़
- टाउनशिप का रखरखाव और फुटकर मरम्मत और जीर्णोद्धार कार्य

- **विशाखापत्तनम इस्पात संयंत्र**

विशाखापत्तनम इस्पात संयंत्र के प्रथम चरण कार्य में एच.एस.सी.एल. की संलग्नता पूरे प्लांट क्षेत्र में भूसमतलन कार्य से शुरू हुई। तदोपरंत घमन भट्ठी नं 1 और 2 का सिविल कार्य, कच्चे माल का संचालन पद्धत्ति, स्टील मेल्टिंग शॉप के कार्यों को सफलतापूर्वक निष्पादित किया। प्रथम चरण के चालू होने के

पश्चात कुछ चिरस्थायी कार्य जैसे कोक ओवन बैट्रीयों का हॉट एवं कोल्ड मरम्मत तथा परिचालित् प्लांट में अन्य रख रखाव कार्यों को अपने हाथों में लिया। 6.3 एम.टी. के तहत चालू विस्तार कार्यक्रम के कार्यों से भी युक्त है। एच.एस.सी.एल. ने कुछ सिविल, संरचनात्मक एवं पाईलिंग पैकेजेस का कार्य किया है जो कि जल्द ही पूर्ण हो जाऐंगी।

**वर्ष 2009-10 में कम्पनी द्वारा विशाखापत्तनम इस्पात संयंत्र (आर.आई.एन.एल.) में निम्नलिखित गतिविधि की गई –**

- कच्चा माल संचालन संयंत्र का संरचनात्मक इस्पात कार्य
- वायर रॉड मिल का संरचनात्मक इस्पात कार्य
- विशेष बार मिल के लिए पाईलिंग कार्य
- स्ट्रकचरल मिल का पाईलिंग कार्य
- 14 मेगा वाट पावर प्लान्ट चरण II का सिविल कार्य
- फेनॉल उपशिष्ट जल अभिक्रिया प्लांट का सिविल कार्य
- कोल हैन्डलींग प्लांट बैट्री न. 4 का सिविल कार्य
- कोक ओवन बैट्ररी नं. 4 के इस्पात संरचनाओं का निर्मान उत्थापन और क्लेडिंग
- कोक ओवन बैट्रीयों का निरन्तर और आयोजित मरम्मत
- कोकओवन बैट्री नं. I, II एवं III के चालू और नियमित मरम्मत के लिए तकनिकी सहायता प्रदान करना।
- गैर घूमावदार ब्लूम्स का प्रबंधन एवं संसाधन
- ब्लूम स्क्रैप भ्रंशोद्धार
- अन्य संचालन एवं फुटकर कार्य

- **एन.आई.एन.एल./डुबुरी, उड़ीसा** – एन.आई.एन.एल. डुबुरी में 1 एम.टी. घमन भट्ठी का एच.एस.सी.एल. द्वारा सफलतापूर्वक निर्माण कर चालू कर दिया गया है। यह अपने आप में एक अनोखा किस्म का कार्य था। यह एक पूराना घमन भट्ठी था जिसे पुनः अनुकुलित कर एच.एस.सी.एल. द्वारा अन्य पूरक इकाइयों के साथ साथ उत्थापन किया गया। यह भट्ठी अपनी पूरी क्षमता के साथ ग्राहकों के पूर्ण संतुष्टि के अनुरूप कार्य कर रही है।
  कम्पनी डुबुरी में फिलहाल बी.ओ.एफ., जी.सी.पी. एवं सी.सी.पी. का सिविल और संरचनत्मक कार्य एवं अन्य संचालन और फुटकर कार्यों को कार्यान्वित कर रही है।

- **सेलम इस्पात संयंत्र** – सेलम इस्पात संयंत्र के पिछले तीनों चरणों के निर्माण में सिविल और संरचात्मक कार्यों में एच एस सी एल का योगदान रहा है। कम्पनी ने प्रथम चरण में कोल्ड रॉलिंग मिल, द्वितीय चरण में जेड मिल एवं तृतीय चरण में हॉट रॉलिगं मिल का निर्माण किया। चालू विस्तार कार्यक्रम के अन्तर्गत कम्पनी निम्नलिखित कार्यों को कार्यान्वित कर रही है।
  - सी.आर.एम. परिसर के लिए संरचनात्मक स्टील एवं क्लेडिंग वर्क।
  - प्लांट के भीतर रेल लाइन का कार्य।

सेलम इस्पात संयंत्र में रेलवे लाइन का कार्य पूरा किया जा चुका है, वहीं कोल्ड रॉलिंग मिल की पुनर्संरचना का कार्य पुरा कर के सेल/एसएसपी को सौंपने के लिए तैयार है ।

- **विद्युत संयंत्र कार्य**
  वर्षों से कम्पनी विद्युत क्षेत्र में अनेक परियोजनाओं के कार्यों को अंजाम दे चुकी है। जिनमें निम्नलिखित उल्लेखनीय हैं :

  - एन.टी.पी.सी. सुपर थर्मल पावर प्लांट, सिमाद्री में जल प्रणाली तैयार करना जिसमे गहरे समुद्र में कुंआ और जेट्टी का निर्माण शामिल है।
  - एन.टी.पी.सी. तालचर सुपर थर्मल पवर प्लान्ट के यूनिट संख्या 3,4,5,6(4 x 500 मेगावाट) का निर्माण।
  - एन.टी.पी.सी, ऊँचाहार सुपर थर्मल पावर प्लांट में मुख्य प्लांट और ऑफ साइट सिविल कार्य पैकेज।

  **एन.टी.पी.सी. के ऊर्जा संयंत्र परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति निम्नलिखित है :-**

  - **कहलगाँव (बिहार)**
  - एस.जी. एरिया सिविल कार्य पैकेज और मुख्य प्लांट कार्य पैकेज क्रमशः ₹32 करोड़ और ₹26 करोड़ का कार्य पूरा हो चुका है।
  - ₹7.00 करोड़ मूल्य के लागून III ए, बी, सी का एस डाइक कार्य पूरा हो चूका है।
  - **विन्ध्याचल**
  - एस.जी.एरिया सिविल कार्य पैकेज और ऑफ साइट एरिया सिविल कार्य पैकेज जिसका मूल्य क्रमशः ₹33.00 करोड़ और ₹18.78 करोड़ का कार्य पूरा हो चुका है।

  - **सीपत**
  - एस.जी.एरिया सिविल कार्य पैकेज ₹64.29 करोड़ मूल्य के कार्य प्रगती पर हैं और कुछ ही महीनो में पूर्ण होने की संभावना है।

- **अन्य पावर प्लांट परियोजनाएँ**

  - **आनपारा डी**
  - भेल के तहत ₹24 करोड़ का यू.पी.आर.यू.वी.एन.एल. का आनपारा-डी थर्मल पावर स्टेशन (2x500 मेगावाट) में भूमी समतलन एवं ग्रेडिंग कार्य पुरा हो चुका है संबंधित सड़क कार्य के लिए ग्राहक की अनुमति लम्बित है।

  - **डी वी सी/बी टी पी एस**
  - ऐश पोण्ड का निर्माण कार्य जिसकी लागत ₹49.00 करोड़ है। यह काम पूरा होने के कागार पर है।

- **बांध एवं सिंचाई परियोजनाएँ**

  पुरे देश में सिंचाई परियोजनओं के निर्माण में कम्पनी का अनोखा इतिहास रहा है।

- कर्नाटक राज्य के सूपा में निर्मित 350 मीटर लम्बा और 101 मीटर ऊँचा कँक्रीट बान्ध आज कम्पनी के निर्माण क्षमता का प्रबल प्रमाण प्रस्तुत करता है।
- आन्ध्रप्रदेश में परनापल्ली के नजदीक चित्रावती संतोलन जलाशय का निर्माण। स्वर्णरेखा बहुउद्देशीय परियोजना के लिए इंचा डेम बेतवा रिभर बोर्ड के लिए बिहार में मिट्टी का बान्ध परियोजना आदि उल्लेखनीय है।

- **बिहार में बागमती नदी का अनुकूलितकरण परियोजना**

  बिहार के जल संसाधन विभाग के साथ एक समझौता ज्ञापन के आधार पर कम्पनी ने हाल में बागमती नदी का नदी अनुकूलितकरण का मेगा टर्नकी परियोजना अपने हाथों में लिया है । परियोजना की अनुमानीत लागत ₹798 करोड़ है जिसका निर्णय 2011-12 तक होने की उम्मीद है। अभी तक ₹217 करोड़ मूल्य का कार्य पूरा हो चुका है। इस परियोजना में, एच.एस.सी.एल की भागीदारी मिट्टी जांच, डीपीआर तैयार करना, निष्पादन दोष और दायित्व अवधि के माध्यम से रखरखाव शामिल है।

- **कोसी नदी आपदा प्रबंधन परियोजना**

  यह बहुत गर्व की बात है कि बिहार सरकार के जल संसाधन विभाग ने कोसी आपदा प्रबंधन परियोजना के संबंध में हिन्दुस्तान स्टीलवर्क्स कन्सट्रशन लिमिटेड को कुसाहा (नेपाल) में प्रवाह बन्द और दरार बन्द के निर्माण में कम्पनी के प्रदर्शन के लिए **"सर्वश्रेष्ठता का प्रमाणपत्र"** से सम्मानित किया है। यह परियोजना सुपौल, मधेपुरा और सहरसा के विशाल क्षेत्रों के 30 लाख असहायों के लिए बहुत महत्वपूर्ण था जो 2008 के दौरान कोशी नदी के तट पर जलप्लावित थे। यह काम एच.एस.सी.एल. द्वारा 23 दिनों में किया गया जबकि अनुबंध की अवधि 30 दिनों की थी।

  परियोजना के तहत कम्पनी द्वारा क्रियान्वित प्रमुख कार्य निम्नलिखित है -

| | | |
|---|---|---|
| मिट्टी की खोदाई और भरने का कार्य | : | 27,77,000 (घन मीटर) |
| खाली सीमेंट बैग भरने और आपूर्ति का कार्य | : | 2,40,000 (घन मीटर) |
| बोल्डरों की आपूर्ति और बिछाने का कार्य | : | 80,000 (घन मीटर) |
| पॉरक्युपाइन की आपूर्ति और बिछाने का कार्य | : | 7,000 (संख्या) |

कम्पनी की प्रमुख मौजूदा चल रही सिंचाई परियोजनाऐं निम्नलिखित हैं -

- दुर्गावती में स्पिल्वे बांध परियोजना, सासाराम (बिहार) में कार्य शुरू करने के लिए बिहार सरकार की अनुमति की प्रतीक्षा है जो मूल्य के वृद्धि को स्वीकार करने के साथ जुड़ीत है। वर्तमान में परियोजना का मूल्य ₹80 है जिसमें ₹60 करोड़ का कार्य किया जा चुका है।
- भागलपुर, पटना में गंगा नदी का कटाव बचाओ कार्य। ₹60 करोड़ की परियोजना जो समय-सारणी के अनुसार पूरा हो चुका है।
- ₹29 करोड़ की लागत का नगर निगम, दिल्ली के तहत मादीपुर में नाले का कार्य जो कुछ महीनों में पूरा होने की संभावना है।

- **रेलवे परियोजनाएँ**

  कम्पनी ने हाल के वर्षों में पूरे देश में रेलवे परियोनाओं की ओर व्यापक रूप में अपने कार्यकलापों को मोड़ दिया है। रेलवे परियोजनाओं में एच.एस.सी.एल. की सहभागिता में तटबंधो का निर्माण, गेज परिवर्तन के लिए छोटे एवं बड़े पुलों का निर्माण एवं नई लाइनों का निर्माण, वर्कशॉप, प्रशासनिक भवन, तथा अन्य सुविधाएं शामिल है। पूर्व मध्य, दक्षिण मध्य, और दक्षिण पश्मिम रेलवे कम्पनी के बड़े ग्राहक हैं।

**वर्ष 2009-10 के दौरान कम्पनी ने निम्नलिखित रेलवे परियोजनाओं का कार्य पूरा किया है :–**

- ₹7.5 करोड़ रुपये लागत के पूर्व मध्य रेलवे जय नगर, दरभंगा और नरकटियागंज, बिहार के छोटे-बड़े पुल नं 66, 68, 68 ए, 68 बी, 72 ए, 78 एवं 78 बी का निर्माण कार्य।
- ₹7 करोड़ रुपये लागत के सोनपुर एवं हाजीपुर में पूर्व मध्य रेलवे का क्वाटर निर्माण कार्य।

**कम्पनी की चालू रेलवे परियोजनाएँ**

- ₹22 करोड़ के लागत का पूर्व मध्य रेलवे समसतिपुर में कार्यशाला का निर्माण कार्य।
- ₹5.7 करोड़ का राजगिर और तलैया के मध्य ब्रिज नं 30, 31 एवं रेलवे ओवर ब्रिज एवं अन्डर ब्रिज का सब स्ट्रकचर एवं सुपर स्ट्रकचर का निर्माण कार्य।
- ₹21 करोड़ के लागत का अधिकारीयों के लिए क्वाटर का निर्माण कार्य।
- ₹5.5 करोड़ के लागत का पूर्व मध्य रेलवे बखतीयारपुर में ऊपरी मार्ग पुल का निर्माण कार्य।
- ₹9 करोड़ के लागत का पूर्व मध्य रेलवे का रोड निर्माण कार्य।
- ₹8 करोड़ के लागत का पूर्व मध्य रेलवे का भूमी कार्य।
- बोकारो इकाई के अन्तर्गत ₹12 करोड़ मुल्य का बरकाखाना और हजारीबाग के मध्य भूमी कार्य, छोटे पुल एवं नदी बड़ी लाइन का कार्य।
- बोकारो इकाई के अन्तर्गत ₹34 करोड़ मुल्य की तीन परियोजनाऐं जिनमें कोडरमा एवं राँची के मध्य, डुमका और रामपुरहाट (पुर्व रेलवे) की बड़ी लाइन का कार्य है।
- बोकारो इकाई के अन्तर्गत ₹10 करोड़ मुल्य का बरकाखाना-राँची, मध्य रेलवे का भूमी कार्य, छोटे पुल एवं नदी बड़ी लाइन का कार्य।
- ₹39 करोड़ मुल्य का हजारीबाग-बरकाखाना और कोडरमा-राँची के मध्य भूमी कार्य, छोटे पुल एवं नदी बड़ी लाइन का कार्य।

- हजारीबाग से बरकाखाना के बीच छोटे पुलों और तटबंधों का निर्माण और कोडरमा, रांची - गोमोह एवं बरकाखाना के मध्य बड़ी लाइन का कार्य। पूर्व मध्य रेलवे के तहत ₹91 करोड़ के 6 कार्य कम्पनी के पास है।
- हुबली स्थित दक्षिण पश्चिम रेलवे का ₹16 करोड़ का क्षेत्रीय कार्यालय निर्माण कार्य
- ₹14.5 करोड़ के लागत का मौला अली/दक्षिण मध्य रेलवे के लिए डीजल लोको शेड में बुनियादी सुविधाओं का निर्माण कार्य।

- **साड़क और राजमार्ग**

  सड़क क्षेत्र के व्यवसाय में कम्पनी को काफी पुराना अनुभव है। प्रायः सभी इस्पात संयंत्रो के लिए संयंत्र के भीतर एवं टाउनशिप के सड़को का काम शुरू कर एच.एस.सी.एल. ने उच्च मूल्य के फ्लाइओवर और द्वितीय हुगली सेतु का पहुँच मार्ग रोड, मध्य प्रदेश में भोपाल सिहोर वाईपास सड़क और फ्लाईओवर परियोजना, नोयडा इत्यादि का निर्माण किया है। इसके अलावा तामिलनाडु में विश्व बैंक से सहायता प्राप्त सेलम कारुर और टुटीकोरीन के बीच दो सड़क रखरखाव परियोजनाएं उल्लेखनीय है।

  यह बहुत संतोष की बात यह है कि कम्पनी ने भारत के इन्फ्रास्ट्रक्चर के निर्माण में अपने योगदान के लिए इ18 और सीएनबीसी टीवी 18 के साथ मिलकर एस्सार स्टील द्वारा सम्मानित किया गया प्रतिष्ठित **"मान्यता प्रमाणपत्र"** जीता है। नोएडा फ्लाईओवर परियोजना, जो निर्धारित समय से पूर्व उच्च मानक गुणवत्ता के साथ पूरी कर ली गई है वह महत्वपूर्ण एवं प्रदर्शनीय बन गया है।

- **प्रधनमंत्री ग्राम सड़क योजना परियोजना -**

  प्राधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत विभिन्न राज्य सरकारों के ग्रामीण इंजीनीयरिंग विभागों के अधीन नई सड़को एवं मौजूदा लिंको का चरणबद्ध रूप से उन्नत का निर्माण कार्य कम्पनी कर रही है। प्राधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, सरकार की भारत निर्माण कार्यक्रम के तहत एक प्रमुख पहल है। सरकारी क्षेत्र में एच. एस.सी.एल. एक अग्रणी निर्माण कम्पनी होने के नाते देश के सुदूर क्षेत्रों में विकास कार्यक्रमों में सहभागिता कम्पनी अपना प्रथमिक दायित्व समझती है।

  त्रिपूरा सरकार के लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत एच.एस.सी.एल द्वारा कार्य परियोजना कार्यान्वयन के रूप में चरणों में लिया गया, जिसमें 250 से 1000 + आबादी वाले इलाकों को मुख्य सड़क से जोड़ना और ग्रामीण क्षेत्रों में मौजूदा सड़क का उन्नयन करना है। इस परियोजना में भूमी परिक्षण, सर्वेक्षण, सड़क निर्माण, उन्नयन और 5 वर्ष तक रखरखाव का कार्य कम्पनी द्वारा लिया गया है। कम्पनी त्रिपुरा के दो जिलो उत्तर तथा धलाई में काम कर रही है। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना का संक्षिप्त विवरण निम्नलिखित है :-

| | |
|---|---|
| एनआर आर डी ए (NRRDA) द्वारा अनुमोदित संपर्की सड़कों की संख्या | 159 |
| पूर्ण की गई सड़को की संख्या | 67 |
| कार्य प्रगती पर वाली सड़को की संख्या | 92 |
| कुल लम्बाई | 662.118 कि. मी. |

| | |
|---|---|
| कार्य पूर्ण | 285.689 कि. मी. |
| सम्पूर्ण कार्य की लागत | 488.14 करोड़ |

कम्पनी त्रिपुरा के दो जिलों उत्तर तथा धलाई में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना कार्य को चार चरणों के तहत, चरण- IV, V, VI, एवं VII में कर रही है जिसमे कार्यरत कार्मिकों की प्रर्याप्त सुरक्षा और कड़ी निगरानी के तहत निर्माण का कार्य जारी है। इनमें से कुछ सड़कों को यातायात के लिए खोल दिया गया है। अगले चरण में कम्पनी 250 से अधिक आबादी वाले क्षेत्र को मुख्य सड़क से जोड़ने का कार्य आरम्भ करेगी।

विस्तृत परियोजना रिपोर्ट के अनुसार 723 कि.मी. के ग्रामीण सड़कों के लिए झारखंड के 4 जिलो में ₹245 करोड़ की लागत के प्राधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत एन आर आर डी ए द्वारा अनुमोदित किया गया है। यह काम पहले से ही अच्छी प्रगति में है। इस कर्य में करीब 1400 कि.मि सड़क का निर्माण होना है जिसकी अनुमानीत लागत ₹500 करोड़ रुपये है।

- **शैक्षणिक संस्थान, अस्पताल, व्यावसायिक एवं आवासिय परिसर, औद्योगिक भवन एवं अन्य**

I. **शैक्षिक संस्थाएं**

**केन्द्रीय विद्यालय एवं नवोदय विद्यालय परियोजनाएं**

देश में शिक्षा के प्रसार के लिए बुनियादी संरचनाओं के निर्माण में कम्पनी को अपनी सहभागिता के लिए गर्व है। केन्द्रीय विद्यालय समिति और नवोदय विद्यालय समिति कम्पनी के दो बड़े ग्रहक है जिसके लिए कम्पनी विगत कई वर्षो से अनुषंगिक बुनियादी सुविधाओं सहित स्कूल भवनों का निर्माण कर रही है। इन क्षेत्रों में कम्पनी की कार्यनिष्पादन हमेशा उत्कृष्ट रही है तथा इसकी सराहना ग्राहकों ने भी की है । इन परियोजनओं से प्रतिवर्ष कुल टर्नओवर 10 से 12 प्रतिशत होती है। वर्ष 2009-10 के दौरान कम्पनी का कार्य केन्द्रीय विद्यालय एवं नवोदय विद्यालय से लगभग 14 प्रतिशत था।

कम्पनी ने इस क्षेत्र में वर्ष 2009-10 में ₹112 करोड़ का कार्य नवोदय एवं केन्द्रीय विद्यालय के लिए झारखंड, बिहार, दिल्ली, कर्नाटक, तमिलनायडु, आंध्रप्रदेश, पश्चिम बंगाल, उड़ीस, पंजाब एवं उत्तर प्रदेश में किया है।

वर्तमान में कम्पनी के पास के. व्ही. एस और एन. व्ही. एस के करीब ₹205 करोड़ मूल्य के आर्डर हैं।

केन्द्रीय विद्यालय समिति और नवोदय विद्यालय समिति के अलावा बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, पांडीचेरी विश्वविद्यालय, जादवपुर विश्वविद्यालय (पश्चिम बंगाल), और सेन्ट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ हाइयर तिब्बतन स्टडिज भी कम्पनी के ग्राहकों की सूची में शामिल है।

- **अन्य शैक्षणिक अवसंरचना परियोजनाएं**

**शिक्षा के क्षेत्र में कम्पनी की चालू परियोजनाएं निम्नलिखित है –**

- ₹7 करोड़ के लागत का इंडियन एसोशिएशन ऑफ कल्टीवेशन ऑफ साईन्स (कोलकाता), में 3 मंजीली पुस्ताकालय भवन का विस्तार
- फुलकुमारी, उदयपुर, दक्षिण त्रिपुरा में ₹15 करोड़ के लागत का पॉलीटेक्निक का निर्माण
- ₹6 करोड़ के लागत का खेल अकादमी, कालिंग स्टेडियम के उत्तरी रुख का निर्माण
- परियोजना प्रबंधन परामर्श के रूप में सीएसआइओ के लिए चण्डिगढ़ में भारत स्विस प्रशिक्षण केन्द्र का निर्माण और आधुनिकीकरण
- ₹54 करोड़ रुपये का बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय पुनरोद्धार एवं अतिरिक्त कार्य
- विद्यमान, अनुसंधान छात्रावास का विस्तार, ₹10 करोड़ के लागत का इंस्टीट्यूट आफ हायर स्टडीस सारनाथ में स्नातक और अनुसंधान छात्रावास का निर्माण कार्य

- **चिकित्सा परिसर**

अस्पतालों, हेल्थ केयर सेन्टर तथा चिकित्सा अनुसंधानों के निर्माण में कम्पनी का योगदान उल्लेखनीय रहा है। विगत कई वर्षों के दौरान इस क्षेत्र में कम्पनी ने अपने कार्यकलापों को बढ़ाया तथा अभूतपूर्व सफलता अर्जित की है।

इंडीयन काउन्सिल आफ मेडिकल रिसर्च के लिए चेन्नई में निर्मित नेशनल इन्स्टीट्यूट ऑफ इपीडेमीलॉजी का नयनाभिराम भवन आधुनिक वास्तुकल, गुणवत्ता और आदर्श निर्माण का छाप वहन करती है।

भारतीय चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के अलावा कम्पनी ने त्रिपुरा सरकार के अन्तर्गत चिकित्सा परिसर, झारखंड सरकार के स्वास्थ्य विकास तथा सोसाइटी ऑफ 'एप्लाइड माइक्रोवेभ इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग एण्ड रिसर्च (एस ए एम ई ई आर) का निर्माण कार्य अपने हाथों में लिया है।

- **कम्पनी की चालू चिकित्सा परियोजनाएं निम्नलिखित है –**

  - तेलियामुरा, त्रिपुरा में 100 शय्या वाली अस्पताल का निर्माण। मूल्य ₹18 करोड़।
  - ₹46 करोड़ की लागत से त्रिपुरा सरकार के स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत त्रिपुरा में 150 शय्या वाली तीन जिला अस्पतालों का निर्माण।
  - ₹8 करोड़ की लागत से ढलाइ में जिला अस्पताल के लिए ट्रॉउम केन्द्र का निर्माण
  - ₹18 करोड़ की लागत से बेलापुर, समीर में मेडिकल लाइनेक लेब्रोटरी ऑफ रेडिएशन शिल्ड रूम का निर्माण। काम पूरा होने के कगार पर है ।
  - मुंबई/महाराष्ट्र में ₹34 करोड़ की लागत का नेशनल इन्स्टियूट फोर रिसर्च इन रीप्रडक्टिव हेल्थ के लिए दो परियोजनाए। परियोजना की लागत ₹100 करोड़ तक जाने की संभावना है।

- ₹22 करोड़ की लागत से पूर्व मध्य रेलवे के लिए पटना जंक्शन में 150 शय्या वाली उच्चकोटी की विशेषता वाली अस्पताल का निर्माण।
- आर एम आर आइ पटना में टी डी आर सी और अंतर्राष्ट्रीय हॉस्टल नवीकरण का कार्य। मूल्य ₹18 करोड़।
- एन ए आर आई, पुणे में प्रयोगशाला भवन का नवीनीकरण। मूल्य ₹10 करोड़।
- ₹60 करोड़ की लागत से झारखंड के विभिन्न जिलों में 17 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं 2 सदर अस्पतालों का निर्माण।

- **बहुमंजिला व्यावसायिक एवं आवासीय परिसरों**

बहुमंजिला व्यावसायिक और आवासीय परिसरों के निर्माण में कम्पनी की काफी लोकप्रीयता है। बोकारो इस्पात संयंत्र के लिए टाउनशिप के सड़कों के निर्माण के साथ इसकी यात्रा शुरू होती है। बाद में कम्पनी ने 'सेल' के अन्य इस्पात संयंत्रों तथा एन.टी.पी.सी. के लिए सिमाद्री, आंध्रप्रदेश में टाउनशिप का निर्माण किया।

चेन्नई में 10 मंजिला वाली एम.एल.ए. आवास के लिए निर्मित चार टावर आज एच.एस.सी.एल. के उत्कृष्ट निर्माण का प्रतिक है।

कोलकाता में विधान नगर नगरपालिका के लिए कम्पनी द्वारा निर्मित "पौर भवन" एक और सफलता है।

मॉयल के लिए एच.एस.सी.एल द्वारा प्रशासनिक भवन और आवासीय क्वाटरों (ए.बी.सी.डी. श्रेणी) का निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय सीमा के भीतर पूरा करने पर माननीय इस्पात मंत्री द्वारा काफी प्रशंसा की गई। कम्पनी ने आन्ध्र प्रदेश में बवनपली स्थित डी.आर.डी.ओ. के साइन्टिस्ट्स हॉस्टल और एच.पी.सी.एल. के लिए आपदा वसूली आधर समाग्री केन्द्र का निर्माण कार्य भी सफलता पूर्वक पूर्ण किया है। रांची में क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र (एन.सी.एस.एम.) और एम.एस.टी.सी. के लिए स्टाक यार्ड के साथ सहायक अवसंरचनाएं सुविधाओं का निर्माण कार्य भी सफलता पूर्वक पूर्ण किया है।

- **कम्पनी की चालू भवन परियोजनाएं निम्नलिखित है –**

- वस्त्र मंत्रालय के अधीन जनपथ, दिल्ली में हैंडलूम मार्केटिंग काम्प्लेक्स का निर्माण। मूल्य ₹41 करोड़।
- सिक्किम में तीर्थस्थल केन्द्र, नई संरचनाओं के वृद्धि के बाद कुल परियोजना मूल्य ₹93 करोड़
- यांगगंग में ₹47 करोड़ की सांस्कृतिक केंद्र परियोजना
- आइ.डी.सी.ओ. के लिए कटक में कम्पनी मामला भवन का निर्माण। परियोजना मूल्य ₹6 करोड़
- ₹10 करोड़ का सिडबी के लिए जैदेव विहार में कार्यालय सह प्रशिक्षण केंद्र का निर्माण
- लखनऊ में सिडबी के लिए आवासीय फ्लैट का निर्माण

- **विदेशों में कार्य**

जैसा कि पिछले वर्षों के रिपोर्ट में बताया गया है कम्पनी दो दशक पूर्व ही 24 जुलाई 1988 को इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली के सलाह पर लीबिया में भारतीय दुतावास के निर्देश के तहत अप्रैल 1995 में आयोजित भारत-लीबिया संयुक्त आयोग की 7 वें सत्र की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि लीबिया सरकार जेनरल पिपुल्स कमिटि फॉर योजना एवं वित्त की सहमति मिलने के पश्चात् एक साल के अंदर सभी बकाया राशी का भुगतान कर देगी। नवम्बर 2004 के दौरान लीबिया में भारत-लीबिया संयुक्त आयोग की 9 वा सत्र आयोजित हुई। नौवे सत्र के दौरान दिए गए सुझावों के संदर्भ आपकी कम्पनी ने लीबिया के संबंधित सरकारी विभागों के सहयोग से संबंधित कागजातों को प्राप्त कर भुगतान दावे को सही ठहराने के लिए कार्रवाई की है। आपकी कम्पनी ने 8 बैंक गारंटी तथा लंबित भुगतान करवा देने के लिए प्रशासनिक मंत्रालय से सरकारी स्तर पर एक समग्रसमाधान करवाने का अनुरोध किया है।

तदोपरांत दिसम्बर 2007 में विदेश मामलों के मंत्रालय लीबिया सरकार से प्राप्त सूचना के संदर्भ में लीबिया परियोजनाओं के विरुद्ध समग्रदावे कौसेला (वाणिज्यिक) भारतीय दूतावास को भेज दी गई।

मामला फिर से 7.796 करोड़ एलडी के दावे के साथ भारत लीबियन संयुक्त आयोग की 11 वीं सत्र के दौरान उठाया गया है।

अभी तक इस समस्या का निदान नहीं हुआ है।

- **पुरस्कार एवं बोर्डरूम**

1. यह बहुत गर्व की बात है कि बिहार सरकार के जल संसाधन विभाग ने कोसी आपदा प्रबंधन परियोजना के संबंध में हिन्दुस्तान स्टीलवर्क्स कन्सट्रशन लिमिटेड को कुसाहा (नेपाल) में प्रवाह बन्द और दरार बन्द के निर्माण में कम्पनी के प्रदर्शन के लिए **"सर्वश्रेष्ठता का प्रमाणपत्र"** से सम्मानित किया है। यह परियोजना सुपौल, मधेपुरा और सहरसा के विशाल क्षेत्रों के 30 लाख असहायों के लिए बहुत महत्वपूर्ण था जो 2008 के दौरान कोशी नदी के तट पर जलप्लावित थे। यह काम एचएससीएल द्वारा 23 दिनों में किया गया जबकि कार्य करने की अवधि 30 दिनों की थी।
2. यह बहुत संतोष की बात यह है कि कम्पनी ने भारत के इन्फ्रास्ट्रक्चर के निर्माण में अपने योगदान के लिए इ18 और सीएनबीसी टीवी 18 के साथ मिलकर एस्सार स्टील द्वारा सम्मानित किया गया प्रतिष्ठित **"मान्यता प्रमाणपत्र"** जीता है।

- **कर्मचारियों की स्थिती**

एच.एस.सी.एल. 1999 में कार्यन्वित पुनर्गठन पैकेज के प्रावधान के अनुसार कम्पनी के व्यवसय प्रचालन को अत्यधिक लागत प्रभावी बनाने के ध्येय से कर्मचारियों के लिए स्वैच्छिक सेवा निवृति विकल्प चालू किया । इस दिशा में किए गये पहल काफी सफलतापूर्ण रहा तथा कम्पनी में 1.4.2000 को मौजूद 13576 श्रमशक्ति घटकर 1007 हो गई । व्यापारावर्त में बढ़ोत्तरी और श्रमशक्ति की संख्या में कमी के फलस्वरूप

मानव उत्पादकता में व्यापक सुधार हुआ । प्रति कर्मचारि आय 1999-2000 में ₹0.022 करोड़ से बढ़ कर 2009-10 में ₹0.795 करोड़ हो गई।

- **इस्पात संयंत्र इकाइयों में बहु क्षमता प्रक्षिक्षण कार्यक्रम**

एच.एस.सी.एल. 'सेल' में निर्धारित प्रशिक्षण के अनुरुप 6 मनक मॉडल में अपने कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए बोकारो तथा भिलाई इस्पात संयंत्र इकाइयों में बहु-कुशल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया । इस प्रशिक्षण को पूरा करने के लिए बोकारो और भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रशिक्षण विभाग द्वारा काफी सहयोग मिला। वर्ष 2009-10 के दौरान वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य में इस्पात संयंत्र इकाइयों में 125 कर्मचारियों को बहुमुखी कौशल का प्रशिक्षण दिया गया जो कुल मिलाकर 880 दिन से अधिक का था । इन प्रशिक्षित कर्मचारियों की उपयोगिता का विकास हुआ है जो कम्पनी के विकास के लिए हितकारी है। वर्ष 2010-11 के दौरान अधिकारीयों के प्रशिक्षण के लिए योजना प्रस्तावित है।

- **अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति, महिला कर्माचारी, भूतपूर्व सैनिक एवं विकलांग कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व :**

| श्रेणी | कुल श्रमशक्ति | अनु जाति | अनु जन जाति | महिला कर्माचारी | विकलांग | भूतपूर्व सैनिक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क | 187 | 15 | 1 | 5 | 4 | 1 |
| ख | 128 | 7 | 1 | 4 | 2 | -- |
| ग | 657 | 93 | 60 | 35 | 3 | -- |
| घ | 35 | 6 | 4 | | -- | -- |
| **कुल** | **1007** | **121** | **66** | **44** | **9** | **1** |

- **औद्योगिक संबंध**

आम तौर पर समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कम्पनी में औद्योगिक सम्बन्ध शन्तिपूर्ण रहे।

- **लोक/स्टाफ शिकायत निपटरा**

वर्ष के दौरान कोई शिकायतें निवारण के लिए प्राप्त नहीं हुई।

- **सूचना का अधिकार अधिनियम 2005**

आपकी कम्पनी ने सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 को लागू किया है। इसके लिए कम्पनी नें अपने प्रधान कार्यालय में एक मुख्य सूचना अधिकरी एवं कम्पनी की विभिन्न इकाईयों में आठ सहायक जन सूचना अधिकारी नियुक्त किया है। उपरोक्त अधिनियम के प्रावधान के तहत इसके मुख्य विवाचक अधिकारी कम्पनी के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हैं। इस अधिनियम की ही परिपूर्ति के रूप में कम्पनी ने अपनी

कार्यालयी Website : www.hscl.co.in पर धारा 4(1) (ब) के तहत 17 दिशानिर्देश भी प्रस्तुत किया है। इस वित्तीय वर्ष के दौरान अधिनियम के प्रावधान के तहत प्राप्त 119 आवेदनों का निपटारा किया गया है। इसके अलावा, प्रथम अपील के तहत प्राप्त 29 आवेदनों का निपटारा किया गया।

- **हिन्दी का प्रयोग**

आपकी कम्पनी हिन्दी के प्रयोग को प्रोत्साहित करने के लिए राजभाषा विभाग, भारत सरकार के राजभाषा नीति और कार्यक्रमों को कार्यान्वित करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

- **सतकर्ता**

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कोई भी सतकर्ता संबंधी मामला लंबित नही है।

- **व्यवसाय, प्रबंधकीय एवं वित्तीय पुनर्गठन**

ए.एफ. फरगुसन एण्ड कम्पनी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किए गए एक अध्ययन के आधार पर वोर्ड फॉर रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ पब्लिक सेक्टर ईन्टरप्राइजेज (बी आर पी एस ई) ने दिनांक 13 मई 2008 को दिल्ली में आयोजित अपने 58वीं बैठक में कम्पनी के व्यवसाय, संगठनात्मक और वित्तीय पुनर्गठन की अनुशंसा की उसे अनुमोदन के लिए पेश किया गया है । वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग की टिप्पणियों का पालन करते हुए और इस दौरान बदले हुए आर्थिक और व्यवसायिक परिवेश को मद्देनजर रखते हुए, वित्तीय अनुमानों के पुनर्गठन के साथ एक संशोधित व्यापार की योजना प्रशासनिक मंत्रालय को प्रस्तुत किया गया है। संशोधित प्रस्ताव भारत सरकार के पास विचाराधीन है।

- **निगमित सामाजिक दायित्व संबंधी कार्यकलाप**

निगमित सामाजिक दायित्व कार्यक्रम के अंतर्गत 2009-10 के दौरान मंदी और आर्थिक मंदी के कारण कम्पनी ने निगमित सामाजिक दायित्व के तहत कोई यगदान नहीं कर सका। समझौता ज्ञापन में निर्धारित लक्ष्य के अनुसार कम्पनी को वर्ष 2010-11 के दौरान 4 परियोजनाओं को लागू करने की योजना है। सार्वजनिक उपक्रम विभाग द्वारा परिचालित दिशा निर्देशों के अनुसार कम्पनी की संशोधित सीएसआर नीति बोर्ड के अनुमोदन के लिए बना लिया गया।

- **वर्ष 2010-11 के लिए इस्पात मंत्रालय के साथ समझौता ज्ञापन**

टास्क फोर्स के सदस्यों के साथ समझौता ज्ञापन पर बातचीत की बैठक नई दिल्ली में 3 फरवरी, 2010 को आयोजित किया गया। ₹840 करोड़ का कारोबार लक्ष्य, परिचालन लाभ लक्ष्य (पी बी आइ डी टी) ₹54 करोड़ वित्तीय वर्ष 2010-2011 के लिए सहमत हुए। ऑर्डर बुकिंग लक्ष्य ₹960 करोड़ पर निर्धारित किया गया है। तदनुसार, समझौता ज्ञापन पर श्री अतुल चतुर्वेदी, माननीय सचिव (इस्पात) और श्री मलय चटर्जी, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक ने हस्ताक्षर किए 29.3.2010 को उद्योग भवन, इस्पात मंत्रालय में प्रशासनिक मंत्रालय की ओर से और क्रमशः कम्पनी द्वारा आयोजित एक औपचारिक समारोह में किये गए। आप की कम्पनी वर्ष 2010-11 के समझौता ज्ञापन के लक्ष्य को पूरा करने के लिए वचन बद्ध है।

- **निगमित शासन पर मार्गदर्शनों का अनुपालन**

  I. **हिन्दुस्तन स्टीलवर्क्स कन्स्ट्रक्शन लिमिटेड के बोर्ड सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधक के लिए कारबार संचालन संहिता और आचार**

  कम्पनी प्रशासन के दिशा निर्देशों के अनुसार छठे अनुबंध में व्यापार के संचालन और नैतिकता बोर्ड के सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन के लिए मॉडल कोड, कैंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के लिए निहित है, उसका पालन कम्पनी द्वारा किया जा रहा है।

  II. **स्वतंत्र निदेशकों कि नियुक्ति**

  श्री एस.बी. मिश्रा कम्पनी के बोर्ड में एक स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त किये गए। कम्पनी ने प्रशासनिक मंत्रालय को अनुरोध किया है एक और गैर सरकारी निदेशक कम्पनी के बोर्ड में कम्पनी प्रशासन के दिशा निर्देशों के अनुसार स्वतंत्र निदेशकों की न्यूनतम संख्या की शर्त का पालन करते हुए नियुक्त किया जाय। प्रक्रिया की प्रगति अग्रिम चरण में है।

  III. **लेखापरीक्षा समिति का गठन**

  श्री एस.बी. मिश्रा लेखा परीक्षा समिति के अध्यक्ष के रूप मे नियुक्त किए गए लेकिन लेखा परीक्षा समिति का गठन नही किया जा सका कयोंकि दिशा निर्देशों के अनुसार स्वतंत्र निदेशकों की अपेक्षित संख्या की नियिक्ति नहीं हो पाइ। लेखा परीक्षा समिति का जल्द ही गठन किया जाएगा जैसे ही एक या एक से अधिक स्वतंत्र निदेशक बोर्ड में शामिल हो जाऐंगें।

  IV. **बोर्ड मीटिंग की बारम्बारता**

  बोर्ड की बैठक दिशा निर्देशों के अनुसार हर तिमाही पर न्यूनतम एक बार आयोजित किया जाता है।

  V. **जोखिम प्रबंधन नीति**

  कम्पनी की जोखिम प्रबंधन नीति 250 वे बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अपनाया गया। नीति दस्तावेज सभी संबंधित अनुपालन करने के लिए परिचालित किया गया है।

- **लेखापरिक्षक**

  आपके निदेशकगण मेसर्स एस. एन. मुखर्जी एण्ड कं, चाटर्ड लेखापाल और मेसर्स एस. के. भट्टाचार्या एण्ड कं, चाटर्ड लेखापाल जिन्हें सि.ए.जी. ऑफ इण्डिया द्वारा वर्ष 2009-10 के लिए कम्पनी का संयुक्त लेखा परीक्षक नियुक्त किया गया था के प्रति अपना आभार प्रकट करतें हैं।

- **सांविधिक लेखापरीक्षकों का प्रतिवेदन**

  इस वर्ष से संबंधित कम्पनी के लेखे पर सांविधिक लेखा परीक्षकों के प्रतिवेदन पर निदेशक मंडल का प्रतिक्रिया इस प्रतिवेदन के साथ संलग्न है।

- **निगमित प्रशासन के दिशा निर्देशों के अनुपालन पर लेखा परीक्षकों का प्रमाणपत्र**

  निगमित प्रशासन के दिशा निर्देशों के अनुपालन पर लेखा परीक्षकों का प्रमाणपत्र इस प्रतिवेदन के साथ संलग्न है।

- **कम्पनी अधिनियम 1995 की धारा 619(4) तहत भारत के नियंत्रक और महा लेखापरीक्षक की टिप्पणियां**

  वित्तिय वर्ष के लिए कम्पनी के लेखा पर कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 619(4) के तहत भारत के नियंत्रक और महा लेखपरिक्षक की टिप्पणियां इस प्रतिवेदन के साथ संलग्न है।

- **कर्मचारियों का पारिश्रमिक**

  कम्पनी में ऐसा कोई भी कर्मचारि नहीं है जिसे कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 217(2ए) के साथ पठित उद्यतन यथा संशोधित कम्पनी (कर्मचारी विवरण) नियम 1975 में उल्लेखित सीमा से अधिक वेतन दिया गया हो।

- **निदेशकों का उत्तरदायित्व विवरण**

  कम्पनी अधिनियम 1956 (कम्पनी अधिनियम, 2002 द्वारा यथा संशोधित) की धारा 217 (2 एए) के अनुसरण में निदेशकगण अभिलेख करते हैं कि :

  I. लेखा जोखा तैयार करते समय लागू होने वाले गणना मानकों का यथास्थिति एवं जहाँ कहीं भी भिन्नता आयी है वहाँ समुचित स्पष्टीकरण के साथ अनुपालन किया गया है।

  II. निदेशकों ने उन्ही गणना नीतियों का चयन और बराबर पालन किया है एवं उन्ही के अधार पर निर्णय व अनुमान किए हैं जो औचित्यपूर्ण व विवेकपूर्ण थीं, जिससे की वित्त वर्ष 2009-10 के अंत में कम्पनी के कारोबार से संबन्धित सही और स्पष्ट तस्वीर के साथ साथ अवधि के लिए कम्पनी के लाभ और हानि लेखों को प्रस्तुत कर सकें।

  III. निदेशकों ने कम्पनी की परिसम्पत्तियों को सुरक्षित रखने, जालसजी और अन्य अनियमिताओं का पता लगाने और उनके रोकथाम के लिए कम्पनी अधिनियम 1956 के प्रावधनों के अनुरुप लेखाजोखा का पर्याप्त रेकार्ड रखने में पूरी और समूचित सावधानी बरती है।

  IV. निदेशकों ने कम्पनी का वार्षिक लेखा जोखा एक ''चलते प्रतिष्ठान'' के रूप में तैयार किया है।

- **निदेशक मण्डल**

  श्री मलय चटर्जी, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक एवं श्री अभिजित घोष निदेशक (वित्त), कम्पनी के पूर्णकालिन निदेशक हैं।

  डा दलीप सिंह भा.प्र.से. संयुक्त सचिव, भारत सरकार इस्पात मंत्रालय को कम्पनी के बोर्ड में अंशकालिक अधिकारी निदेशक के रूप में दिनांक 7 नवम्बर 2008 से नियुक्त किया गया है।

श्रीमती इंद्राणी कौशल, उप सचिव भारत सरकार, इस्पात मंत्रालय के स्थान पर श्री जे.पी शुक्ला, निदेशक इस्पात मंत्रालय को कम्पनी के बोर्ड में अंशकालिक अधिकारी निदेशक के रूप में दिनांक 30 अप्रैल 2009 से नियुक्त किया गया है।

श्री व्ही. के. श्रीवास्तव, प्रबंध निदेशक, बोकारो इस्पात संयंत्र के स्थान पर श्री एस.बी. मिश्रा को कम्पनी के बोर्ड में अंशकालिक अधिकारी निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया। श्री आर. रामाराजू, प्रबंध निदेशक भिलाई इस्पात संयंत्र से सेवानिवृत्ति के कारण अपना इस्तीफा दिये जो 1.4.2010 से प्रभावी है।
श्री व्ही. के. श्रीवास्तव और श्री आर. रामाराजू द्वारा उनके महत्वपुर्ण सेवाओं के लिए निदेशक मंडल उनके प्रति आभार प्रकट करता है।

- **आभार ज्ञापन**

आपके निदेशकगण माननीय केन्द्रीय इस्पात मंत्री, माननीय इस्पात राज्य मंत्री, सचिव (इस्पात) और इस्पात मंत्रालय के अन्य पदाधिकारीयों द्वारा समय समय पर कम्पनी को प्रदत्त अमूल्य सहयोग, निर्देश और प्रोत्साहन के लिए उनका तथा केन्द्र और राज्य सरकार के विभागों, स्टील ऑथारिटी ऑफ इंडिया लि., राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड, नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन तथा अन्य केन्द्रीय व राज्य सरकार के उपक्रमों के प्रति अपना आभार प्रकट करतें हैं। हम अन्य मूल्यवान ग्राहकों से प्राप्त सहयोग और सहायता के लिए उनका आभार ज्ञापन करते हैं। आपके निदेशकगण भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक एवं प्रधान निदेशक वाणिज्यिक लेखा परीक्षा एवं पदेन सदस्य लेखा बोर्ड, तथा उनके अधिकारीयों और सांविधिक लेखापरीक्षकों से प्राप्त सहयोग और मार्गदर्शन के लिए उनका आभारी है। हमारे निदेशक मंडल बैंकरो के प्रति उनके लगातार सहयोग और कम्पनी में विश्वास के लिए उनके प्रति अपना हार्दिक आभार ज्ञापन करता हैं।
आपके निदेशकगण कम्पनी के अधिकारियों, स्टाफ और कर्मचारियों के प्रति भी उनके महत्वपूर्ण सेवाओं के लिए अपना आभार ज्ञापन करतें हैं।

निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से

(मलय चटर्जी)
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक

स्थान: कोलकाता
दिनांक: 30.06.2010

# प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण

**1. उद्योग संरचना और विकास**

वर्ष 2009-10 के दौरान  देश के समग्र औद्योगिक परिदृश्य बड़े उत्साहजनक रहे। सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम इस्पात संयंत्रों की क्षमता विस्तार कार्यक्रमों के साथ साथ इन्फ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में नई परियोजनाऐं आईं। वर्ष के दौरान इस्पात संयंत्र परियोजना के लिए कार्य हासिल की प्रक्रिया में कहीं कहीं विलंब हुआ है, जबकि इन्फ्रास्ट्रक्चर क्षेत्रों से कार्य हासिल करने की प्रक्रिया काफी संतोषजनक रही। उद्योग संरचना पर क्षेत्र वार अवलोकन नीचे उल्लेख है :-

**इस्पात क्षेत्र**

- वर्तमान 32 एम टी इस्पात उत्पादन क्षमता को आने वाले वर्षों में ₹100 000 करोड़ के निवेश के साथ 75 से 80 एम टी करने की संभावना है। जिसमें से सेल/आरआईएनएल अपनी 17 एम टी क्षमता विस्तार के लिए लगभग ₹52000 करोड़ खर्च करने का अनुमान है। सेल और आरआईएनएल की क्षमता विस्तार कार्यक्रम के तहत कम्पनी को अच्छा आर्डर मिलने की सम्भावना हैं।
- वर्तमान में इस्पात क्षेत्र के उपक्रमों से उच्च मूल्य के आर्डर प्राप्त करने की सम्भावना दिखाई नहीं पड़ रहे हैं जिसका मुख्य कारण कठिन पूर्व योग्यता मापदंड एवं रिवर्स नीलामी पद्धति, जिसके चलते कम्पनी को छोटे छोटे आर्डर जिसका मूल्य 10 से 15  करोड़ रुपये होता है के उपर निर्भर रहना पड़ता है। हालांकि उच्च मूल्य के परियोजनाओं को हासिल करने के लिए संबंधित क्षेत्रों के प्रमुख कम्पनीयों के साथ जठजोड़ करने का प्रयत्न जारी है। मैसर्स UZINEXPORT एसए, रोमानिया, के साथ गठजोड़ करके कार्य हासिल करने के लिए सतत प्रयत्न जारी है जिसके लिए इस कम्पनी के साथ भारत में व्यापार के लिए समझौता करार किया जा चुका है।
- क्षमता विस्तार के साथ ही इस्पात क्षेत्र के उपक्रमों में एएमआर और नियमित संचालन और रखरखाव के लिए उसी अनुपात में व्यय होगा। कम्पनी इन कार्यों को प्राप्त कर अपने टर्णओवर को बढ़ा सकती है। हालाकि, प्रशासनिक मंत्रालय एच.एस.सी.एल. के पक्ष में उपरोक्त एएमआर और नियमित संचालन एवं रख रखाव जैसे पेरेनियल कार्यों को नामांकन/दर संरचना/बातचीत के आधार पर देने की सिफारिश कर सकता है जो कोयला और इस्पात पर संसदीय स्थायी समिति के निर्णय के अनुरूप होगा।

**अवसंरचना क्षेत्र**

**क) मार्ग क्षेत्र**

- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के तहत ₹2, 27, 258 करोड़ के लागत का राष्ट्रीय राजमार्ग विकास कार्यक्रम के लिए 11 वें निर्माण के लिए योजना बनाई गई जिसमें देश के राजमार्गों की लगभग 47000 किलोमीटर की लंबाई और चौड़ाई के माध्यम से उन्नयन के लिए। कम्पनी को इस क्षेत्र में दुर्जेय भागीदारों के साथ उपयुक्त तकनीकी गठजोड़ के माध्यम से निवेश का एक अच्छा हिस्सा सुरक्षित उम्मीद कर सकते हैं।

- एक अन्य क्षेत्र है जहां की योजना व्यय ₹60,000 करोड़ है प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ग्रामीण सड़कों के निर्माण और उन्नयन के लिए। कम्पनी त्रिपुरा और झारखंड के राज्य में एक पीआइयू के रूप में इन परियोजनाओं के कार्यान्वयन में पहले से ही है। इन राज्यों में कारोबार की मात्रा बढ़ाने के साथ ही अन्य राज्यों में भी करोबार की अच्छी संभावना है । सभी राज्य सरकारों सहित पूर्वोत्तर राज्यों, राज्य ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण और एनआरआरडीए, द्वारा एच.एस.सी.एल. से इन परियोजाओं के कार्य के लिए संपर्क किया गया है। वर्तमान में, लगभग ₹750 करोड़ के ग्रामीण सड़क परियोजनाओं के तहत त्रिपुरा और झारखंड राज्य में कार्यान्वयन कर रहे हैं।
- ₹100 करोड़ को हासिल करने की संभावना है । राजरहाट, कोलकाता में फ्लाईओवर परियोजना, काफी उत्साहजनक है।

ख) <u>शैक्षिक संस्थाएं</u>

- देश भर में 930 केन्द्रीय विद्यालय हैं। जिनमें से 129 को अभी भी स्थायी भवनों की आवश्यकता है। इस के अलावा ₹2580 करोड़ की अनुमानित लागत के साथ 11 वीं योजना के दौरान गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान करने की बढ़ती जरूरत को पूरा करने के लिए 1000 केन्द्रीय विद्यालयों सहित 6 जोनल कार्यालयों, 12 क्षेत्रीय कार्यालयों और 6 प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना का प्रस्ताव किया गया। पिछले कई वर्षों से एच.एस.सी.एल. एक पीआइयू के रूप में मुख्य एजेंसियों में से एक है जो केन्द्रीय विद्यालय समिति के स्कूल परियोजनाओं को कार्यान्वयन किया है। भविष्य में केन्द्रीय विद्यालय संगठन के साथ व्यापार की मात्रा बढ़ाने के पर्याप्त गुंजाइश है। केन्द्रीय विद्यालय समिति एच.एस.सी.एल के पक्ष में पूर्वोत्तर राज्यों सहित पूरे देश में और अधिक स्कूल परियोजनाओं के कार्य के लिए संपर्क किया है। प्रतिक्रिया काफी सकारात्मक है।
- जवाहर नवोदय विद्यालयों (जेएनवी) का कार्यान्वयन, यह एक और क्षेत्र है जहां कम्पनी को एक उज्जवल कारोबार विस्तार की संभावना है। ₹10,425 करोड़ के निवेश के साथ आ रहे हैं 700 नए नवोदय विद्यालयों का निर्माण कार्य, स्थायी संरचनाओं और मौजूदा विद्यालयों के विस्तार का निर्माण कार्य शामिल है। नवोदय विद्यालय समिति द्वारा एच.एस.सी.एल. के लिए संभव हो परियोजना के रूप में स्कूल के कार्यान्वयन के लिए संपर्क किया है। कम्पनी, सीपीडब्ल्यूडी के बाद दूसरी सबसे बड़ी पीआइयू है जो नवोदय विद्यालय समिति परियोजनाओं के कार्यान्वयन में लगी हुई है।
- वित्तीय वर्ष 2010 के अंत में एच.एस.सी.एल. के हाथ में ₹205 करोड़ के केन्द्रीय विद्यालय समिति और नवोदय विद्यालय समिति के परियोजना आदेश है। इस क्षेत्र में कम्पनी के प्रदर्शन को देखते हुए, केन्द्रीय विद्यालय समिति और नवोदय विद्यालय समिति के तहत अधिक स्कूल परियोजनाओं हासिल करना मुश्किल नहीं होगा।
- बीएचयू की तरह अन्य शैक्षिक संस्थाने, उच्च तिब्बती अध्ययन, आईसीएमआर और अन्य चिकित्सा संस्थानों के लिए भी प्रमुख अवसंरचना विकास परियोजनाऐं आने वाले हैं । एच.एस.सी.एल. ऐसी परियोजनाओं के कार्यान्वयन में एक आम नाम है।
- दिल्ली के शिक्षा निदेशालय ने भी एच.एस.सी.एल. को समान परियोजनाओं के देने में रुचि दिखाई है।

ग) <u>स्वास्थ्य अवसंरचना</u>

- त्रिपुरा में चल रहे 4 जिला अस्पताल, 17 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और झारखंड में 2 जिला अस्पताल के निर्माण के प्रमाण-पत्र के साथ, एच.एस.सी.एल. को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत उच्च मूल्य के स्वास्थ्य अवसंरचना परियोजनाऐं हासिल करने की उम्मीद है। इस क्षेत्र में निवेश की संभावना ₹3600 करोड़ है।

घ) रेलवे

- संवेगी क्षेत्र रेलवे में पहचान, समर्पित रेल फ्रेट (डीआरएफसी) कॉरिडोर और हाई स्पीड कॉरिडोर के निर्माण के माध्यम से क्षमता वृद्धि भी शामिल है। 11 वीं योजना के दौरान ₹2,30,000 करोड़ का निवेश। पिछले कई वर्षों से एच.एस.सी.एल. ने तटबंधों का निर्माण, रेलवे के लिए बड़े और छोटे पुलों, कार्यशालाओं और स्टाफ क्वार्टर आदि का निर्माण किया है। जैसे परिधीय कार्यों में एच.एस.सी.एल. की गुंजाइश काफी है इस क्षेत्र में भारी निवेश की वजह से शीघ्र वृद्धि होगी। कम्पनी को पहले ही समर्पित रेल फ्रेट कॉरिडोर का कार्य प्रदान करने के लिए संपर्क किया है। चितरंजन लोकोमोटिव पर ₹24 करोड़ की कार्यशाला परियोजना को अंतिम रूप दिया जा है। वर्तमान में कम्पनी के पास ₹188 करोड़ की परियोजनाऐं हैं। इस क्षेत्र में कई गुना कारोबार में वृद्धि की स्पष्ट संभावना है।

ङ) इमारतें

- इस क्षेत्र के विशाल क्षमता है। कई सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम और राज्य सरकार के विभाग, बुनियादी विकास परियोजनाओं के साथ आ रहे हैं जो स्टाफ क्वार्टरों, अस्पताल, जिला अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्रों, पर्यटन विकास परियोजनाओं और धन्य-घोषणा कार्यक्रमों के निर्माण की तरह, आवास परिसर आदि। बीसीसीएल ₹800 करोड़ के निवेश के साथ ला रहा है धनबाद में आवास कार्यक्रम। एमओआईएल के खानों में दूसरे चरण के क्वार्टरों के निर्माण का फैसला एच.एस.सी.एल. के पक्ष में होने के अंतिम चरण में हैं। इन के अलावा, त्रिपुरा के उत्तर पूर्वी राज्य निकट भविष्य में कई और ऐसी परियोजनाओं का कार्यान्वयन करेंगे। कोल इंडिया लिमिटेड और बीसीसीएल ने ₹800 करोड़ का आवास परियोजना एच.एस.सी.एल. के पक्ष में देने के लिए संपर्क किया गया है। आईओसीएल के लिए गोदामों और बीसीसीएल के लिए खनिकों के क्वार्टरों का निर्माण जो चिरस्थायी कारोबार के विस्तार के लिए अन्य संभावित क्षेत्र हैं।
- वर्तमान में इस क्षेत्र में एच.एस.सी.एल. के पास ₹505 करोड़ के कार्य हाथ में है। कम्पनी यथोचित इस क्षेत्र में अपने कारोबार की गुणा उम्मीद कर सकता हैं।

च) शहरी बुनियादी ढांचा विकास परियोजना

- जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन के तहत सभी राज्यों का शहरी बुनियादी ढांचा विकास परियोजना होनेवाला हैं।
- एच.एस.सी.एल. पहले से ही त्रिपुरा राज्य में 14 नगर पंचायतों के लिए संकल्पना योजना की तैयारी पर काम कर रहा है। कुछ योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए पहले से ही मंजूरी दे दी गई है। निधि के आवंटन पर निर्भर करते हुए, इन व्यापक विकास परियोजनाओं, का अनुमानीत लागत ₹3500 करोड़ है, जिसके लिए कम्पनी चरणो में काम लेने का प्रयास करेगी। हालांकि, कोई आवंटन इस परियोजना के कार्यान्वयन के लिए अब तक यू डी डी द्वारा जारी नहीं किया गया है।

- जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन के तहत परियोजनाओं के लिए पूर्वोत्तर राज्यों सहित सभी राज्यों से कम्पनी संपर्क में है।

**छ) सिंचाई और आपदा प्रबंधन परियोजनाऐं**

- पिछले कुछ वर्षों के दौरान कम्पनी ने उच्च मूल्य के सिंचाई और आपदा प्रबंधन परियोजनाओं के कार्यान्वयन में बहुत बड़ी साख अर्जित की है विशेषतः बिहार राज्य में।
- एच.एस.सी.एल. के हाथ में ₹600 करोड़ का बागमती नदी प्रशिक्षण परियोजना के निर्माणधिन कार्य है। इसके अलावा करीब ₹800 करोड़ लागत की महानंदा नदी परियोजना का कार्य बिहार में शीघ्र आने की संभावना है। बागमती और गंगा कटाव विरोधी परियोजनाओं में सफलता प्राप्त करने के आधार पर, महानंदा तटबंध परियोजना हासिल करने की संभावना उज्ज्वल है।
- कम्पनी पहले से ही दक्षिण 24 परगना में एनडीएमए के तहत ₹380 करोड़ का आपदा आश्रय परियोजना के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) जमा कर चुकी है। यह परियोजना प्रधानमंत्री राहत कोष द्वारा वित्त पोषण किया जाएगा। लंबी तट रेखा को ध्यान में रखते हुए, मछुआरा समुदाय के लिए आपदा आश्रय, पशुधन और राहत सामग्री के लिए गोदाम, देश के सभी तटीय बाढ़ प्रवण राज्यों में निर्मित होने की संभावना है, जो इस क्षेत्र में एच.एस.सी.एल. को अपना कारोबार बढ़ाने के लिए एक अवसर प्रदान करेगा ।
- कोसी आपदा प्रबंधन परियोजना के सफलतापूर्वक पूरा करने में कम्पनी के प्रमाण-पत्र के आधार पर, एच.एस.सी.एल. यथोचित भविष्य में ऐसे और आपदा प्रबंधन परियोजनाओं को हासिल करने की उम्मीद करता है।

**ज) बंदरगाहों के विकास और रोजगार सहायक**

- इस क्षेत्र में अवसर मौजूद हैं। कम्पनी उच्च संभावना के साथ विविधता के लिए प्रयास कर सकता हैं।

2. <u>ताकत और कमजोरी</u>

**ताकत**

- लंबे समय का संगठन जो निर्माण उद्योग में लगभग 46 वर्षों से है।
- कम्पनी की इकाइयां देश भर में स्थापित है जिसके चलते बिना ज्यादा निवेश के अधिक से अधिक परियोजनाओं को क्रियान्वित करने में मदद मिलेगा।
- इस्पात उद्योग और उससे संबंधित सिविल, संरचनात्मक, यांत्रिक, विद्युत और अन्य गतिविधियों के क्षेत्र में प्रयाप्त अनुभव के कारण दुसरे क्षेत्रों के बुनियादी ढांचे आदि के कार्यों में विविधता के साथ सफलता दिलाया है।
- प्रयाप्त अनुभव जो उच्च मूल्य के परियोजनाओं के लिए बोली लगाने के लिए लगातार कठिन पूर्व अर्हता में सहायक होता है।
- सार्वजनिक क्षेत्र होने के कारण कुछ सरकारी ग्राहकों द्वारा कार्य हासिल करने में प्राथमिक्ता मिलती है।

**कमजोरी**

- कम्पनी की वित्तीय पुनर्गठन प्रस्ताव जो भारत सरकार के पास विचाराधीन है, के मंजुर हो जाने पर निम्नलिखित कमजोरियाँ दुर हो जाएंगी।

- ❖ सरकारी ऋण के ब्याज का बोझ जो कि लीबिया के कार्य और बोकारो इस्पात संयंत्र के प्रथम चरण के निर्माण में बहुत सारे कर्मचारियों को भर्ती करने के निर्णय किये जाने के फलस्वरूप जरुरत से ज्यादा कर्मचारियों के वेतन और मजदूरी के बोझ को हलका करने के लिए किया गया। छूट के लिए सुझाव दिया गया है।
- ❖ लगातार बढ़ता हुआ सरकारी कर्ज का ब्याज जो अतिरिक्त कर्मचारियों के वीआरएस के लिए लिया गया था, हालांकि इससे कम्पनी की परिचालन क्षमता पर कोई असर नहीं है। पुनर्गठन पैकेज मंजुर हो जाने से नुकसान खत्म हो जाऐंगे।
- ❖ उपरोक्त नुकसान के कारण नेट वर्थ का खराब दिखना आर्डर हासिल करने के लिए योग्यता मापदंड में बाधक होता है। इस घाटे का निरस्तीकरण हो जाने के बाद कमपनी का नेट वर्थ मजबूत हो जाएगा।
- ❖ कर्ज बोझ बढ़ना और इस कर्ज को पूरा करने के लिए धन की कमी। इस कर्ज के निरस्तीकरण के लिए प्रस्ताव दिया गया है।
- ❖ पिछले कुछ वर्षो से नए कर्मचारियों के भर्ती पर रोक के कारण तकनीकी कर्मचारियों की कमी और खाली जगहों का रिक्त रहना। भर्ती पर प्रतिबंध हटाने के प्रस्ताव में सिफारिश की गई है। बहरहाल, अनुबंध पर अधिष्ठापन से स्थिति में काफी सुधार ला दिया है है।
- ❖ कौशल मानव संसाधन में असंतुलन। प्रस्तावित पुनर्गठन पैकेज के कार्यान्वित होने पर मानवशक्ति को युक्तियुक्त बनाया जाएगा।
- ❖ निर्माण उपकरण बेस को अद्यतन करने की आवश्यकता है। प्रस्ताव में नए उपकरण खरीदने और मौजूदा उपकरण को मरम्मत करने के लिए निवेश का प्रावधान किया गया है।

**3. <u>अवसर और गैर अवसर</u>**

**अवसर**

- बुनियादी सुविधाओं में वृद्धि - इस्पात और बुनियादी सुविधा क्षेत्र में परिकल्पित बड़े निवेश।
- सरकार और सरकारी संगठनों द्वारा प्रमुख निवेश - सरकारी विभाग और सरकारी संगठन ज्यादातर निर्माण परियोजनाओ के मालिक हैं। एच.एस.सी.एल. एक पीएसयू होने के कारण इन सरकारी ग्राहकों के अधीन परियोजनाओं को हासिल करने में ज्यादा अवसर रखता है।
- सेल और आरआईएनएल का क्षमता विस्तार कार्यक्रम – एच.एस.सी.एल. अपने पुराने रिश्ते, पर्याप्त मानव शक्ति और उपकरण के बल पर सेल और आरआईएनएल के क्षमता विस्तार के तहत छोटे और मझौले मूल्य के परियोजनाओं को हासिल करने की उम्मीद कर सकता हैं।
- इस्पात उत्पादन क्षमता में महत्वपूर्ण वृद्धि के कारण ए.एम.आर. और परिचालन कार्यो की मात्रा में वृद्धि होगी। इन कार्यों को करने के लिए एच.एस.सी.एल. को अपने पहले से स्थापित संसाधनों के बल पर ज्यादा से ज्यादा कार्य मिल सकता है।

**गैर अवसर**

- संविदात्मक प्रकार में बदलाव - बीओटी आदि के संविदात्मक प्रकार में बदलाव के तहत मजबूत आर्थिक क्षमता की आवश्यकता होती है जो एच.एस.सी.एल. को कठिन स्थिति में डाल सकता है।

- प्रतिस्पर्धा बढ़ाने से - छोटे निजी क्षेत्र के कम्पनीयों और विदेशी एजेंसियों के संभावित प्रतियोगी होने से एच.एस.सी.एल. को कार्य व्यावहारिक दरों पर पर्याप्त ऑर्डर हासिल करने की संभावना कम हो सकती हैं।
- मुनाफे में दबाव - वर्तमान स्थिति में मुनाफे में दबाव के कारण कम्पनी को उच्च मूल्य परियोजनाओं के लिए प्रयास करना पड़ता है।
- कड़े पूर्व अर्हता मानदंड - पूर्व अर्हता मानदंड बहुत कठिन होते जा रहे हैं जिसमें एक मजबूत बैलेंस शीट और उपकरणों, आदि की आवश्यकता होती है जो कम्पनी के भारत सरकार द्वारा व्यापक पुनर्गठन के प्रस्ताव का अनुमोदन करने बाद कम्पनी पूरा कर सकेगा ।
- सरकारी समर्थन में कमी - निर्माण व्यापार को 'गैर रणनीतिक' क्षेत्र के तहत माना जाता है जिसके कारण आगे चलकर सरकारी संरक्षण मिलने की संभावना कम हो सकती है।

**4. <u>खंड वार एवं उत्पादन वार प्रदर्शन</u>**

कम्पनी एक ही खंड में कारोबार करता है।

**5. <u>दृष्टिकोण</u>**

कम्पनी सरकार द्वारा अपनी स्थापना का मान रखते हुए दृढ़ विश्वास एवं इरादे के साथ बुनियादी ढांचा एवं इस्पात क्षेत्र में अपना योगदान इस्पात मंत्रालय के एक अधीन पीआईयू/के रूप में करती रहेगी जिससे देश के बुनियादी विकास में महत्वपूर्ण योगदान होगा।

**6. <u>जोखिम और चिंता</u>**

कम्पनी के संभावित घाटा होने और कम्पनी के उपर उसके असर को जोखिम के रूप में परिभाषित किया जा सकता है ।

कई तरह के जोखिम दिखाई पड़ने शुरू हो जाते है जो ऑर्डर मिलने से लेकर उसके निष्पादन और त्रुटी सुधार एवं ग्राहक की संतुष्टि होने तक के अवधि के बीच उत्पन्न होते हैं ।

कम्पनी के व्यापार निष्पादन में जो मुख्य रूप में जोखिम निहीत होते है वो इस प्रकार हैं :-

**क)** ग्राहक का चयन
**ख)** परियोजना का चयन
**ग)** निष्पादन के तौर तरीकों का चयन
**घ)** उप एजेंसियों का चयन
**ङ)** परियोजना प्रबंधन
**च)** कर्मचारी और सामग्री की सुरक्षा
**छ)** ग्राहक से भुगतान की वसूली
**ज)** परिकल्पित लाभ को बचाना

कान्ट्रेक्ट को हासिल करने और उसके निष्पादन में बहुत सारे जोखिम हैं। यह व्यावहारिक रूप में संभव नहीं है कि किसी भी परियोजना में सभी शर्तें अनुकूल हो और कोई निश्चित मापदंड सफलता और विफलता के लिए अपनाया जाए। फिरभी, उपरोक्त जोखिमो को ध्यान में रखते हुए सामान्य रूप में चौकस दृष्टीकोण कम्पनी के प्रबंधन द्वारा अपनाया जाता है ताकि उस परियोजना के निष्पादन में कम से कम हो।

## 7. आंतरिक नियंत्रण प्रणाली और उनकी पर्याप्तता

कम्पनी में उपलब्ध मानव संसाधन के अन्दर एक समग्र नियंत्रण प्रणाली बना दी गई है। 2009-10 के दौरान सेंट्रलाइज्ड नकद प्रबंधन प्रणाली का केन्द्रीकरण कर दिया गया है जिसके चलते कार्यशील पूंजी का उपयोग सूझबूझ के साथ हो रहा है। आने वाले वर्षों में परियोजना निगरानी और नियंत्रण प्रणाली को सशक्त करने के लिए उचित कदम उठाये जायेंगे।

## 8. वित्तीय प्रदर्शन और परिचालन प्रदर्शन पर तुलनात्मक चर्चा

वर्ष 2009-10 के दौरान कम्पनी का परिचालन प्रदर्शन काफी काफी संतोषजनक रहा जिसके तहत परिचालन लाभ (PBIDT) ₹69.09 करोड़ हुआ जो वित्त वर्ष 2009 के मुकाबले 5.5% बढ़ा। वर्तमान परिदृश्य के बाजार अर्थव्यवस्था और कठिन प्रतिस्पर्धा के बीच कम्पनी ने परिचालन लाभ टर्णओवर के मुकाबले 8.6% प्राप्त किया जो काफी सराहनीय है।

कम्पनी अपने व्यापार को विविध क्षेत्रो में बढ़ाने के राह पर है जिसके चलते कम्पनी के टर्णओवर और परिचालन प्रदर्शन में आने वाले वर्षो में बढ़ोत्तरी होगी।

## 9. मानव संसाधन, औद्योगिक संबंध और कर्मचारियों में काफी प्रगति

1999 जुलाई से पुनर्गठन पैकेज के प्रावधान के अनुसार भर्ती पर लगाया गया प्रतिबंध अभी भी लागू है। पिछले कई वर्षों से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना और सामान्य सेवानिवृत्ति के माध्यम से तकनीकी मानवशक्ति में कमी आ जाने और नई भर्ती पर प्रतिबन्ध के कारण बढ़े हुए कार्यो का निष्पादन एक चिंता का विषय बना हुआ है। हालांकि, इस्पात संयंत्र इकाइयों में श्रमिकों को 880 दिनों से अधिक का बहु कौशल प्रशिक्षण 2009-10 के दौरान प्रशिक्षण मॉड्यूल में दिया गया।

वर्ष के दौरान किसी भी स्तर के लिए नई भर्ती नहीं हुई। जनशक्ति ताकत वित्तीय वर्ष 2010 के अंत में 1007 था। प्रस्तावित पुनर्गठन पैकेज के कार्यान्वयन के बाद मानवसंसाधन को युक्तिसंगत बनाया जाएगा। अनुबंध पर अधिष्ठापन से स्थिति में काफी सुधार ला दिया है।

वर्ष के दौरान औद्योगिक संबन्ध आमतौर पर अच्छे रहे।

## 10. पर्यावरण सुरक्षा और संरक्षण, तकनीकी संरक्षण, अक्षय ऊर्जा विकास, विदेशी मुद्रा संरक्षण

कम्पनी देश भर में विभिन्न ग्राहकों की ओर से परियोजनाओं का क्रियान्वयन करती है। पर्यावरण सुरक्षा, संरक्षण और अक्षय ऊर्जा विकास के नियमों का कड़ाई से पालन किया जाता है।

## 11. निगमित सामाजिक दायित्व

कम्पनी ने वर्ष 2009-10 के दौरान निगमित सामाजिक दायित्व के तहत कोई कार्यक्रम नहीं की है।

कम्पनी की सीएसआर नीति सार्वजनिक उपक्रम विभाग के संशोधित दिशा निर्देशों के अनुसार निदेशक मंडल द्वारा अपनाया गया है।

अनुमोदित नीति के अनुसार निम्नलिखित गतिविधियाँ सीएसआर कार्यक्रम के तहत आने वाले वर्षों में कम्पनी द्वारा की जाएगी :-

**क. शिक्षा के लिए बुनियादी सुविधा**

- पुस्तक, कलम, पेंसिल, कॉपी और स्कूल बैग आदि का वितरण
- शिक्षक और छात्रों के लिए स्कूल में बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराना जैसे कि आराम से बैठने की व्यवस्था
- हैंड पम्पों की स्थापना के माध्यम से शुद्ध पीने के पानी की आपूर्ति
- सरकारी सहायता से चल रहे स्कूलों में अध्ययन के लिए प्रयोगशाला जैसी सुविधायें उपलब्ध कराना
- मेधावी छात्रों को एक/दो साल की अवधि के लिए छात्रवृत्ति प्रदान करना

**ख. स्वास्थ्य देखभाल प्रबंधन और चिकित्सा बुनियादी सुविधा**

- जिन राज्यों में कम्पनी कार्य कर रही है उस क्षेत्र के रोगीयों के लाभ के लिए सरकारी अस्पतालों में एम्बुलेंस प्रदान करना और अन्य चिकित्सा सुविधा प्रदान करना
- अविकसित क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के लिए बुनियादी सुविधा प्रदान करना

**ग. नवीन एवं अक्षय ऊर्जा स्रोत मंत्रालय का सौर उर्जा पहल**

- दूरदराज के क्षेत्रों में गरीब ग्रामीणों के लिए प्रदूषण मुक्त सौर लालटेन के माध्यम से रोशनी प्रदान करना।
- एमएनआरईएस के दिशा निर्देशों के अनुसार सरकार के सौर ऊर्जा पहल में सामान्य व्यय के साथ शामिल होना।

कम्पनी आने वाले वर्षों में समाज का हित करने के लिए यथा संभव योगदान करती रहेगी।

**सजग वक्तव्य :** प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट में वक्तव्य कम्पनी के उद्देश्यों, अनुमानों, अनुमान वर्णन, अपेक्षाओं को प्रचलित कानूनों और नियमों के तहत भावी दृष्टीकोण के वक्तव्य के रूप में समझना चहिए। वास्तविक परिणाम उपरोक्त ब्यानो से भिन्न हो सकता है जो आर्थिक स्थिति, सरकार की नीतियां, कर नीतियां और अप्रत्याशित कारणों पर निर्भर करेगा।

# निगमित प्रशासन पर रिपोर्ट

## 1. निगमित प्रशासन पर कम्पनी का सिद्धांत

निगमित प्रशासन सिद्धांतों, प्रक्रिया, दिशा निर्देशों और प्रणालियों का एक समूह होता है जो निदेशकों, प्रबंधन और कम्पनी के सभी कर्मचारियों द्वारा विशेष रूप से शेयरधारकों और सामान्य में अन्य हितधारकों के प्रति पारदर्शीता और उत्तरदायित्व बढ़ाने के लिए पालन किया जाता है। आपकी कम्पनी का सिद्धांत लगातार उत्तम निगमित प्रशासनीक प्रथाओं का पालन करते हुए हितधारकों के हित का ध्यान रखना और ग्राहकों की संतुष्टि को क़ायम रखना है।

## 2. निदेशक मंडल

कम्पनी के निगमित प्रशासन नीति के संदर्भ में, सभी सांविधिक और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी और सामग्री बोर्ड के समक्ष रखा जाता है ताकि वह कम्पनी के ट्रस्टी के रूप में शेयरधारकों के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए कम्पनी की देखरेख की रणनीतियां बना सके।

### रचना

कम्पनी के दो पूर्णकालिक आधिकारिक निदेशक (कार्यात्मक निदेशक), दो अंशकालिक आधिकारिक निदेशक(सरकारी निदेशक) एवं एक अंशकालिक अशासकीय निदेशक (स्वतंत्र निदेशक) हैं। एक और स्वतंत्र निदेशक शामिल होने से कम्पनी के निदेशक बोर्ड की संरचना सक्षम हो जाएगी जो निगमित प्रशासन पर केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम के लिए सार्वजनिक उपक्रम विभाग द्वारा जारी किए दिशा निर्देशों के अनुरूप होगा ।

31 मार्च 2010 तक निदेशक मन्डल के सदस्यों के नाम इस प्रकार है :-

| निदेशक का नाम | पदनाम | श्रेणी | अन्य निदेशक/निदेशकों की संख्या |
|---|---|---|---|
| श्री मलय चर्टजी | अध्यक्ष-सह-प्रबन्ध निदेशक | पूर्णकालिक आधिकारिक निदेशक | शून्य |
| श्री अभिजित घोष | निदेशक (वित्त) | पूर्णकालिक आधिकारिक निदेशक | शून्य |
| डा. दलीप सिंह, आईएएस संयुक्त सचिव, इस्पात मंत्रालय | निदेशक | अंशकालिक आधिकारिक | 7 |
| श्री जे.पी. शुक्ला, निदेशक, इस्पात मंत्रालय | निदेशक | अंशकालिक आधिकारिक | शून्य |
| श्री एस बी मिश्रा | स्वतंत्र निदेशक | अंशकालिक आधिकारिक | 3 |

* *इंडियन पब्लिक लिमिटेड और उसकी सहायक कंपनियों में निदेशक रखने का प्रावधान है।*

वित्तीय वर्ष 2009-10 के दौरान आयोजित बोर्ड की बैठक का विवरण

बोर्ड की बैठक की संख्या

| सीरियल नंबर | बैठक की तिथि | बोर्ड की शक्ति | उपस्थित निदेशकों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | 27-06-2009 | 5 | 3 |
| 2. | 14-09-2009 | 5 | 4 |
| 3. | 16-11-2009 | 5 | 5 |
| 4. | 30-03-2010 | 5 | 4 |

बोर्ड की बैठक और वार्षिक आम बैठक में निदेशकों की उपस्थिति

| निदेशक | बोर्ड की बैठक की संख्या | | पिछली वार्षिक आम बैठक में उपस्थिति (23-09-2009) |
|---|---|---|---|
| | आयोजित | भाग लिया | |
| श्री मलय चर्टजी | 4 | 3 | हां |
| श्री अभिजित घोष | 4 | 4 | हां |
| डा. दलीप सिंह, आईएएस संयुक्त सचिव, इस्पात मंत्रालय | 4 | 4 | # |
| श्री जे.पी. शुक्ला, निदेशक, इस्पात मंत्रालय | 4 | 4 | # |
| श्री एस बी मिश्रा | 4 | 1 | लागू नहीं |

#भारत सरकार के अवर सचिव, इस्पात मंत्रालय (भारत के राष्ट्रपति का प्रतिनिधित्व कर) पिछले वार्षिक आम बैठक में भाग लिये

बोर्ड के सदस्य के नियुक्ति के लिए नियम एवं शर्तें

अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक की नियुक्ति के नियम, शर्तें एवं कार्यकाल के साथ ही पूर्णकालिक और अंशकालिक निदेशकों का निर्णय भारत सरकार, इस्पात मंत्रालय द्वारा किया जाता है।

**3. लेखा परीक्षा समिति**

लेखा परीक्षा समिति अभी तक एक और स्वतंत्र निदेशक के बोर्ड में न शामिल होने के कारण अभी तक गठित नहीं हुई है।

**4. पारिश्रमिक समिति**

केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम होने के नाते, निदेशकों की नियुक्ति, कार्यकाल और पारिश्रमिक भारत सरकार द्वारा तय किया जाता हैं और इसलिए कम्पनी ने इसके लिए किसी भी वेतन समिति का गठन नहीं किया है।

## निदेशक मंडल को पारिश्रमिक/मुआवजा

अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक और निदेशक (वित्त) की मासिक पारिश्रमिक भुगतान के रूप में भारत सरकार द्वारा तय की गई है। अंशकालिक स्वतंत्र निदेशक को निदेशक बोर्ड की प्रत्येक बैठक में भाग लेने के फीस मिलते हैं। कम्पनी के बोर्ड की बैठक में भाग लेने के लिए निदेशकों का व्यय कम्पनी वहन करती है।

## 5. आम सभा की बैठक का विवरण

पिछले तीन आम सभा की बैठक का विवरण निम्नानुसार हैं :-

| समाप्त वित्तीय वर्ष | बैठक | दिनांक | समय | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 2008-09 | 45 वां वार्षिक आम बैठक | 23 सितम्बर 2009 | 11.00 बजे | कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में पी 34 ए, गरियाहाट रोड (दक्षिण) कोलकाता – 7000 31 |
| 2007-08 | 44 वां वार्षिक आम बैठक | 8 अगस्त 2008 | 11.00 बजे | कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में पी 34 ए, गरियाहाट रोड (दक्षिण) कोलकाता – 7000 31 |
| 2006-07 | 43 वां वार्षिक आम बैठक | 24 अगस्त 2008 | 11.00 बजे | कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में पी 34 ए, गरियाहाट रोड (दक्षिण) कोलकाता – 7000 31 |

## 6. प्रकाशन

I. वर्ष के दौरान वहाँ निदेशक या प्रबंधन या उनके रिश्तेदारों के साथ कोई सामग्री लेनदेन नहीं हुई है जिससे कम्पनी के व्यावसाय पर बुड़ा असर पड़े।

II. निगमित प्रशासन के दिशा निर्देशों के अनुपालन की स्थिति को नियमित रूप से बोर्ड के सामने किया जाता है। कम्पनी केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा जारी उद्यमों के लिए निगमित प्रशासन के दिशा निर्देशों की सभी आवश्यकताओं के साथ पालन कर रही है सिवा लेखा परीक्षा समिति की संरचना को छोड़कर जो की बोर्ड में एक और स्वतंत्र निदेशक के न शामिल होने की वजह से लंबित है।

III. वर्ष के दौरान, भारत सरकार द्वारा जारी किये गए राष्ट्रपति के निर्देशों का कम्पनी द्वारा अनुपालन किया गया है।

IV. वर्ष के दौरान, कोई भी ऐसा व्यय खातों मे नहीं दर्शाया गया है जो कम्पनी के कारोबार से संबंधित नहीं है अथवा जो कम्पनी के निदेशकों एवं प्रबंधन के व्यक्तिगत उद्देश्य का हो ।

## 7. संचार के साधन

कम्पनी के वित्तीय परिणाम अपनी वेबसाइट में प्रदर्शित किया जाता हैं, www.hscl.co.in

## 8. लेखा परीक्षकों के अनुपालन प्रमाण पत्र

सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा प्रमाणित किया गया है कि कम्पनी ने निगमित प्रशासन की शर्तों का पालन किया है, जिसकी प्रति रिपोर्ट के साथ संलग्न है।

## 9. आचार संहिता

कम्पनी अपने कारोबार का संचालन करने के लिए व्यावसायिक नैतिकता के उच्चतम मानकों के साथ नियमों, विनियमों और लागू कानूनों का पालन करने का लगातार प्रयास कर रही है।

कम्पनी का मानना है कि एक अच्छा निगमित प्रशासन संरचना केवल मूल्य सृजन को प्रोत्साहित नहीं बल्कि जवाबदेही और नियंत्रण से जुड़े जोखिम के अनुरूप प्रणाली प्रदान करना है।

कम्पनी के निदेशक मंडल ने बोर्ड के सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन के लिए कारोबार के संचालन के लिए नैतिकता और आचार संहिता को अपनाया है जो कम्पनी के वेबसाइट www.hscl.co.in पर उपलब्ध है।

आचार संहिता को बोर्ड और वरिष्ठ प्रबंधन के सभी सदस्यों को परिचालित किया गया है जिसके अनुपालन का उनके द्वारा पुष्टि की गई है । रिपोर्ट के साथ इस घोषणा की एक प्रति संलग्न है।

# हिन्दुस्तान स्टीलवर्क्स कन्स्ट्रक्शन लिमिटेड

## 2009-10

### निगमित प्रशासन पर रिपोर्ट

हिंदुस्तान स्टीलवर्क्स कन्स्ट्रक्शन लिमिटेड निर्माण, 5 / 1, कमीसेरियट रोड (हेस्टिंग्स) कोलकाता - 700022 एक सरकारी कम्पनी है और किसी भी स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध नहीं है। इसलिए, जो शर्तें लीस्टींग एग्रीमेंट के खण्ड 49 में उल्लेखीत है वह निगमित प्रशासन के अनुपालन के साथ कम्पनी के लिए लागू नहीं हैं लेकिन कम्पनी के लिए सार्वजनिक उद्यम विभाग, भारत सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन किया है क्योंकि यह एक सार्वजनिक क्षेत्र की गैर सूचीबद्ध उपक्रम है।

हिंदुस्तान स्टीलवर्क्स कन्स्ट्रक्शन लिमिटेड, के प्रबंधन के द्वारा वांछित के रूप में हमनें वर्ष 2009-2010 रूप-रेखा के लिए सार्वजनिक उद्यम विभाग भारत सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के साथ कम्पनी द्वारा निगमित प्रशासन के अनुपालन की जांच की है।

निगमित प्रशासन की नियम का अनुपालन प्रबंधन की जिम्मेदारी है। निगमित प्रशासन की शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कम्पनी द्वारा अपनाया हमारी परीक्षा प्रक्रिया और उसके कार्यान्वयन के लिए सीमित है । यह न तो एक लेखा परीक्षा और न ही कम्पनी के वित्तीय वक्तव्यों पर राय की एक अभिव्यक्ति है।

हम इस प्रकार अनुगमन करते हैं:

1. कम्पनी द्वारा लेखा परीक्षा समिति का गठन नहीं किया गया है।
2. विभिन्न कानूनों के अनुपालन के लिए लागू आवधिक रिपोर्ट कम्पनी के निदेशक मंडल के विचार के लिए तैयार नहीं है।
3. किसी भी वरीष्ठ अधिकारी द्वारा रूची का खुलासा निदेशक मंडल को नहीं दिया गया है।

हमारी राय में उपलब्ध सुचनाओं के आधार पर एवं कम्पनी द्वारा हमे दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार ऊपर के टिप्पणियों के अधीन हम प्रमाणित करते हैं कि कम्पनी ने निगमित प्रशासन की शर्तों का पालन किया है।

हम स्पष्ट करते हैं की ऐसे अनुपालन न तो कम्पनी की व्यवहार्यता के रूप में एक आश्वासन है और न ही क्षमता या प्रभावकारिता जिसके साथ कम्पनी ने अपना व्यवसाय चलाया है।

**कृते एस.एन.मुखर्जी एण्ड क.**
चार्टर्ड लेखापाल

स्थान : कोलकाता
दिनांक : 27.08.2010

**सपन कु. हलदर**
साझेदार
(सदस्यता सं0: 058186)

**सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) द्वारा जारी केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) के लिए निगमित प्रशासन पर दिशा निर्देशों के तहत घोषणा**

**जिससे भी संबंधित हो**

सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) द्वारा जारी केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) के लिए निगमित प्रशासन पर दिशानिर्देश के अनुसार मैं, सभी निदेशकों और कंपनी के वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिक एतदद्वारा आचार संहिता के अनुपालन की पुष्टि करता हुँ जो 31 मार्च 2010 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए उन पर लागू होते हैं।

**मलय चटर्जी**

दिनांक 30 जून, 2010

**अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक**

## तुलन पत्र 31 मार्च 2010 को समाप्त वर्ष का

( ₹ लाख में))

| विवरण | अनुसूचीयाँ | 31.03.2010 | | | 31.03.2009 | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **भागीदारों की निधि** | | | | | | |
| क) शेयर पूँजी | 1 | **11,710.00** | | | 11,710.00 | |
| ख) आरक्षित और अधिशेष | 2 | **1.18** | **11,711.18** | | 1.18 | 11,711.18 |
| **ऋण निधियां** | 3 | | | | | |
| क) प्रतिभूत | | **54,969.11** | | | 56,258.48 | |
| ख) अप्रतिभूत | | **95,330.46** | **150,299.57** | | 85,490.09 | 141,748.57 |
| **आस्थगित कर दायितायें** | | | **44.51** | | | 47.83 |
| | **कुल** | | **162,055.26** | | | **153,507.58** |
| निधियों का उपयोग | | | | | | |
| **अचल परिसंपत्तियाँ** | 4 | | | | | |
| क) कुल परिसंपत्तियाँ | | **8,106.22** | | | 7,574.54 | |
| ख) घटायें : ह्रास मूल्य | | **5,212.33** | | | 5,084.73 | |
| ग) शुद्ध परिसम्पत्तियाँ | | | **2,893.89** | | | 2,489.81 |
| **कार्यरत पूंजी** | | | **16.10** | | | 0.00 |
| **पूँजी निवेश** | 5 | | **0.02** | | | 0.02 |
| **चालू परिसंपत्तियाँ, ऋण एवं अग्रिम** | 6 | | | | | |
| क) सामग्रियाँ | | **587.67** | | | 2,393.83 | |
| ख) विविध देनदार | | **31,165.80** | | | 20,466.94 | |
| ग) नकद तथा बैंक शेष | | **20,542.33** | | | 17,173.17 | |
| घ) ऋण एवं अग्रिम | | **25,592.09** | | | 24,216.34 | |
| | | **77,887.89** | | | 64,250.28 | |
| **घटायें : चालू दायितायें और प्रावधान** | 7 | | | | | |
| क) चालू दायितायें | | **58,527.12** | | | 49,373.94 | |
| ख) प्रावधान | | **2,506.70** | | | 856.58 | |
| | | **61,033.82** | | | 50,230.52 | |
| **शुद्ध चालू परिसंपत्तियाँ** | | | **16,854.07** | | | 14,019.76 |
| **विविध व्यय** | | | | | | |
| जिसे बट्टे खाते में नहीं डाला और न समायोजित किया गया | | | | | | |
| **आस्थगित राजस्व व्यय** | 16 | | **0.00** | | | 166.19 |
| **लाभ - हानि लेखा** | | | **142,291.18** | | | 136,831.80 |
| | **कुल** | | **162,055.26** | | | **153,507.58** |
| **महत्वपूर्ण लेखा नीतियाँ** | 18 | | | | | |
| **लेखाओं पर टिप्पणियाँ** | 19 | | | | | |

उपर्युक्त अनुसूचियाँ खातों का अभिन्न अंग हैं
हमारे इसी तिथि के प्रतिवेदन के संदर्भ में।

कृते - एस.एन.मुखर्जी एण्ड कं — चार्टर्ड लेखापाल — फर्म पंजीकरण सं.301079 ई

कृते - एस.के.भट्टाचार्या एण्ड कं — चार्टर्ड लेखापाल — फर्म पंजीकरण सं.307047 ई

**(सपन कु. हलदर)**
**साझेदार**
**सदस्यता सं.:58186**

**(बिकाश सेनगुप्ता)**
**साझेदार** **Patner**
**सदस्यता सं.:7593**

**(मलय चटर्जी)**
**अध्यक्ष-सह-प्रबन्ध-निदेशक**

**(डा दलीप सिंह भा.प्र.से)**
**निदेशक**

**(अभिजित घोष)**
**निदेशक (वित्त)**

**(जे. पी. शुक्ला)**
**निदेशक**

**(विनीता बच्छावत)**
**कम्पनी सचिव**

**स्थान:- कोलकाता**
**दिनांक:- 17.08.2010**

## 31 मार्च 2010 को समाप्त वर्ष का लाभ - हानि लेखा

(₹ लाख में))

| | अनुसूचियाँ | | 31.03.2010 | | | 31.03.2009 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (अ). आय विवरण | | | | | | |
| क) निर्माण अनुबंध से होने वाली आय | 8 | | **78,516.78** | | | 69,918.58 |
| ख) प्राप्तियां | | | **0.00** | | | 721.72 |
| ग) अन्य प्राप्तियां | 9 | | **1,518.67** | | | 1,485.25 |
| घ) आनावश्यक प्रावधान पुरांकित | | | **2,800.85** | | | 1,484.61 |
| | **कुल (अ)** | | **82,836.30** | | | **73,610.16** |
| (आ). व्यय | | | | | | |
| क) उप ठेकेदार को भुगतान | | | **68,663.78** | | | 61,020.34 |
| ख) भंडार का उपभोग | 10 | | **2,687.19** | | | 1,529.58 |
| ग) कर्मचारियों को भुगतान तथा उसके लिए प्रवधान | 11 | | **3,686.64** | | | 1,818.68 |
| घ) निर्माण उपकरणों को चालू रखने तथा उनके रख-रखाव और मरम्म्त पर खर्च | 12 | | **516.22** | | | 515.94 |
| ङ) अन्य खर्च | 13 | | **1,618.43** | | | 1,809.42 |
| च) दावे के निपटान पर घाटा | | | **165.68** | | | 171.26 |
| छ) प्रावधान | 14 | | **171.63** | | | 1,145.67 |
| ज) ह्रास | 4 | | **280.10** | | | 276.80 |
| झ) ब्याज और वित्तीय प्रभार | 15 | | **10,064.76** | | | 6,520.96 |
| | **कुल (आ)** | | **87,854.43** | | | **74,808.65** |
| **वर्ष के लिए लाभ/(हानि)** | | | **(5,018.13)** | | | **(1,198.49)** |
| विविध व्यय बट्टे खाते डाले गए | 16 | | **(166.19)** | | | (295.56) |
| जोड़ें/(कम) पहले वर्ष के लिए संबंधित समायोजन | 17 | | **(278.38)** | | | 823.00 |
| **लाभ/(हानि) टैक्स से पहले** | | | **(5,462.70)** | | | **(671.05)** |
| कम : करारोपण के लिए प्रावधान | | | | | | |
| आस्थगित कर | | **(3.32)** | | | 8.60 | |
| फ्रींज लाभ कर | | **0.00** | | | 8.78 | |
| | | | **3.32** | | | (17.38) |
| **लाभ/(हानि) टैक्स के बाद** | | | **(5,459.38)** | | | **(688.43)** |
| जोड़ें : पिछले वर्ष का अग्रेणित शेष हानि | | | **(136,831.80)** | | | **(136,143.37)** |
| **लाभ/(हानि) तुलन पत्र में आगे बढ़ाया गया** | | | **(142,291.18)** | | | **(136,831.80)** |
| **प्रति शेयर आय (अंकित मूल्य `. 1000/-)** | | | | | | |
| इक्वीटि शेयर धारकों आरोप्य लाभ/हानि | | | **(5,459.38)** | | | **(688.43)** |
| औसत/महत्वाले औसत शेयरों की संख्या | | | **1,171,000** | | | **1,171,000** |
| प्रतिशेयर आय (मूल और डाइल्यूटेड) | | | **(466.22)** | | | **(58.79)** |

**महत्वपूर्ण लेखा नीतियाँ** 18

**लेखाओं पर टिप्पणियाँ** 19

उपर्युक्त अनुसूचियाँ लेखा का अभिन्न अंग है
हमारे इसी तिथि के प्रतिवेदन के संदर्भ में।

**कृते एस.एन.मुखर्जी एण्ड कं** — चार्टर्ड लेखापाल — फर्म पंजीकरण सं.301079 ई

**कृते एस.के.भट्टाचार्या एण्ड कं** — चार्टर्ड लेखापाल — फर्म पंजीकरण सं.307047 ई

**(सपन कु. हलदर)**
**साझेदार**
**सदस्यता सं.: 58186**

**(बिकाश सेनगुप्ता)**
**साझेदार**
**सदस्यता सं.:7593**

**(मलय चटर्जी)**
**अध्यक्ष-सह-प्रबन्**

**(डा दलीप सिंह भा.प्र.से)**
**निदेशक**

**(अभिजित घोष)**
**निदेशक (वित्त)**

**(जे. पी. शुक्ला)**
**निदेशक**

**(विनीता बच्छावत)**
**कम्पनी सचिव**

**स्थान:- कोलकाता**
**दिनांक:- 17.08.2010**

**31 मार्च 2010 तक अनुसूची जो तुलन पत्र का अंतर्भाग है**

## अनुसूची 1 : शेयर पूँजी

(₹ लाख में))

| | 31.03.2010 | | 31.03.2009 |
|---|---|---|---|
| **प्राधिकृत** | | | |
| 15,00,000 इक्वीटी शेयर (प्रत्येक `. 1000/-) | **15,000.00** | | **15,000.00** |
| **निर्गत अभिदत्त एवं चुकता पूँजी** | | | |
| 11,71,000 (विगत वर्ष 1171,000) इक्वीटी शेयर प्रत्येक `.1000 के भारत सरकार के द्वारा पूर्णतः अदा किए गए। उपरोक्त में से 9,71,000 शेयर (विगत वर्ष 1171,000) आयोजन ऋण के रूप में परिवर्त्तित कर निर्गत किए गये। | **11,710.00** | | 11,710.00 |
| **कुल** | **11,710.00** | | **11,710.00** |

## अनुसूची 2 : आरक्षित एवं अधिशेष

(₹ लाख में))

| | 31.03.2010 | | 31.03.2009 |
|---|---|---|---|
| **आरक्षित पूँजी** | | | |
| विगत लेखा अनुसार | **1.18** | | 1.70 |
| घटाएँ : अपेक्षाकृत मुल्य में कम निवेश | ---- | | 0.52 |
| **कुल** | **1.18** | | **1.18** |

**31 मार्च 2010 तक अनुसूची जो तुलन पत्र का अंतर्भाग है**

## अनुसूची 3 : ऋण निधि

**(₹ लाख में))**

| | | 31.03.2010 | | | 31.03.2009 | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **अ.** | **प्रतिभूत ऋण :** | | | | | |
| | **अनुसूचित बैंको से :** | | | | | |
| | **1. आवधिक ऋण.** | | | | | |
| | (क) स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना के तहत | **51,836.00** | | | 51,836.00 | |
| | (ख़) उपर्युक्त पर उपार्जित और देय ब्याज | **3,124.82** | | | 3,696.57 | |
| | | | **54,960.82** | | | 55,532.57 |
| | **2. कार्यशील पूँजी ऋण :** | | | | | |
| | नकद ऋण | | **8.29** | | | 725.91 |
| | **टिप्पणी :** | | | | | |
